संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज समूह संपादक : रवि भारद्वाज नई दिल्ली, शनिवार, 16 दिसंबर 2023 ₹ 2 www.actionindialive.com facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 335 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



15 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन के हीरक जयंती समारोह की झलकियाँ।

# राजस्थान में अब भजन लाल सरकार

## = दिया दौलत तो बैरवा डिग्री में आगे, भजन लाल उम्रदराज; राजस्थान के सीएम-डिप्टी सीएम के पास क्या-क्या

**शपथ ग्रहण**

**8 मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने दोनों सहयोगियों से उम्र में बड़े हैं। संपत्ति के मामले में शर्मा दोनों उप मुख्यमंत्रियों से पीछे हैं।**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के 26वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शुक्रवार को ही 57 साल के हुए शर्मा इस पद पर बैठने वाले 14वें शख्स हो गए। उनके साथ उनकी कैबिनेट में शामिल दो उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉक्टर प्रेम चंद बैरवा ने भी शपथ ली। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने दोनों सहयोगियों से उम्र में बड़े हैं। संपत्ति के मामले में शर्मा दोनों उप मुख्यमंत्रियों से पीछे हैं। वहीं, शिक्षा की बात करें तो उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा तीनों में सबसे ज्यादा पढ़े लिखे हैं।

**मुख्यमंत्री से ज्यादा अमीर हैं दोनों उप मुख्यमंत्री:** जयपुर जिले की सांगानेर सीट से जीते मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पहली बार विधायक बने हैं। चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 1.46 करोड़ रुपये बताई है। भजन लाल शर्मा के ऊपर 35 लाख रुपये का कर्ज भी है। 52 साल की दिया कुमारी मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों में सबसे कम उम्र की हैं। वहीं, दूसरे उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा की उम्र 54 साल है। जयपुर जिले की विद्याधर नगर सीट से जीतीं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने चुनावी हलफनामे में 19.19 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति बताई है। दिया कुमारी के ऊपर कोई कर्ज नहीं है। इसी तरह दूसरे उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने अपने चुनावी हलफनामे में कुल 4.83 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई है। बैरवा के ऊपर 98.05 लाख रुपये का कर्ज भी है।

**भजन लाल के पास दो, बैरवा के पास चार वाहन:** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने चुनावी हलफनामे में बताया है कि उनके पास दो वाहन हैं। इनमें एक 2016 मॉडल की सफारी कार है। इसकी कीमत उन्होंने पांच लाख रुपये बताई है। मुख्यमंत्री के पास 2005 मॉडल की एक टीवीएस विक्टर मोटरसाइकिल भी है। इसकी कीमत उन्होंने 35 हजार रुपये बताई है। वहीं, उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने अपने पास चार वाहनों का जिक्र किया है। इनमें से दो वाहन प्रेम चंद बैरवा के नाम पर हैं। वहीं, दो वाहन उनकी पत्नी के नाम पर हैं। बैरवा के नाम पर एक वाहन 1997 मॉडल का है जिसकी कीमत उन्होंने 40 हजार बताई है। वहीं, एक वाहन 2008 मॉडल का है। जिसकी कीमत 11 लाख बताई गई है। इसी तरह उनकी पत्नी के नाम पर दोनों वाहन 2010 मॉडल के हैं। एक कीमत तीन लाख 50 हजार और दूसरे की कीमत 47 हजार रुपये बताई है। दूसरी उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के नाम पर कोई वाहन नहीं हैं।

**मुख्यमंत्री एमए पास, सबसे ज्यादा पढ़े लिखे बैरवा, दिया कुमारी ने किया है डिप्लोमा:** मुख्यमंत्री भंवर लाल शर्मा परास्नातक हैं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से 1993 में राजनीति में एमए किया है। वहीं, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने लंदन के पार्सन्स आर्ट एंड डिजाइन स्कूल से फाइन आर्ट्स डेकोरेटिव पेंटिंग में डिप्लोमा किया है। इसी तरह दूसरे उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने 2010 में राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएचडी की है।

**कमाई के मामले में काफी आगे हैं दिया कुमारी:** मुख्यमंत्री भंवर लाल शर्मा के चुनावी हलफनामे में बताया है कि 2022-23 में उनकी कुल कमाई 6,86,660 रुपये थी। वहीं, उनकी पत्नी की कमाई 4,27,080 रुपये हुई। कुल मिलाकर उनकी कुल कमाई 11 लाख से ज्यादा रही। इसी तरह उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने अपने हलफनामे में बताया है कि 2022-23 में 16,94,620 रुपये की कमाई रही। जबकि उनकी पत्नी की इस दौरान कमाई 4,58,700 रुपये रही। कुल मिलाकर बैरवा की कुल कमाई 21 लाख से ज्यादा रही।

### प्रधानमंत्री ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भजन लाल शर्मा को बधाई दी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शपथ ग्रहण की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ह्लराजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले भजन लाल शर्मा जी के साथ ही उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी जी और प्रेमचंद बैरवा जी को बहुत-बहुत बधाई! मुझे विश्वास है कि वीर-वीरांगनाओं का यह प्रदेश आपके नेतृत्व में सुशासन, समृद्धि और विकास के नित-नए मानदंड स्थापित करेगा। यहां के मेरे परिवारजनों ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ हमें भरपूर आशीर्वाद दिया है, उस पर खरा उतरने के लिए भाजपा सरकार जी-जान से जुटी रहेगी।

### दिया के पास 75 लाख के गहने, सीएम से दस गुना ज्यादा सोना पत्नी के नाम

**मुख्यमंत्री** भजन लाल शर्मा के पास तीन तोला सोना है। उन्होंने इसकी कुल कीमत 1.8 लाख रुपये बताई हैं। उनकी पत्नी के पास 18 लाख रुपये कीमत का 30 तोला सोना और 1.4 लाख रुपये कीमत की करीब दो किलो चांदी के जेवरात हैं। कुल मिलाकर शर्मा के पास 21 लाख रुपये से ज्यादा का सोना-चांदी है। उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा के नाम पर 200 ग्राम सोना है। इसकी कीमत उन्होंने 6.5 लाख रुपये बताई है। वहीं, उनकी पत्नी के नाम पर 225 ग्राम सोना है। जिसकी कुल कीमत 7.5 लाख रुपये बताई है। जबकि, पत्नी के नाम पर 400 ग्राम चांदी की कीमत उन्होंने 2.75 लाख रुपये बताई है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को गहनों का काफी शौक है। उन्होंने अपने चुनावी हलफनामे में कई गहनों का जिक्र किया है। उनके पास कुल 75.40 लाख से अधिक कीमत के गहने हैं।

**फास्ट न्यूज**

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 11.48 लाख से अधिक स्वास्थ्य मेले आयोजित

**नई दिल्ली।** देश में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित 11.48 लाख से अधिक स्वास्थ्य मेलों में 8.25 करोड़ से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह जानकारी देते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन मेलों में 16 करोड़ से अधिक लोगों ने टीबी, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख का कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर और मोतियाबिंद जैसी बीमारियों की जांच कराई। इन स्वास्थ्य शिविरों में 34 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। उल्लेखनीय है कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से स्वास्थ्य मंत्रालय देश भर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर रहा है। इन स्वास्थ्य मेलों में लोगों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

### पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के पांच ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी

**रांची (झारखंड), 15 दिसम्बर (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम शुक्रवार को जेल में बंद पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के राज्य के खूंटी स्थित पांच ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए की टीम जहां छापेमारी कर रही है, वे सभी दिनेश गोप के उग्रवादी गतिविधि से जुड़े हैं। उग्रवादियों और नक्सलियों के एक बड़े नेटवर्क पर मिले इनपुट के बाद के एनआईए ने यह कार्रवाई की है। इसके अलावा बिहार, दिल्ली और मध्यप्रदेश में कुल 26 ठिकानों पर एनआईए की रेड जारी है। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओडिशा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआई के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस ने दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआईए ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। एनआईए ने रिमांड पर लेकर दिनेश गोप से पूछताछ की थी।

# दुष्कर्म के दोषी विधायक को सजा

## दुष्कर्म मामले में विधायक को 25 साल की कैद, दस लाख रुपये का जुर्माना




**टीम एक्शन इंडिया/सोनभद्र**

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दुद्धी सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को किशोरी से दुष्कर्म मामले में सजा का एलान हो गया है। भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को कोर्ट ने 25 साल की कैद तथा 10 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को मिलेगी। किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सोनभद्र की एमपी-एमएलए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था और आठ सालों की लंबी सुनवाई के बाद फैसला आया है।

एमपी-एमएलए कोर्ट ने भाजपा विधायक रामदुलार गोंड के 25 वर्ष कैद और दस लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विधायक को किशोरी के साथ दुष्कर्म का दोषी पाया गया है। आठ साल तक चली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद बृहस्पतिवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश एहसानुल्लाह खां ने अर्थदंड की समूची राशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद भाजपा और विधायक समर्थकों को तगड़ा झटका लगा है। विधायक के अधिवक्ता ने फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देने की बात कही है। बता दें कि किशोरी से दुष्कर्म के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने 12 दिसंबर को भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को दोषी करार दिया था।

### आयकर विभाग की छापेमारी समाप्त, 351 करोड़ मिलने जुड़ी रिपोर्ट भेजी

**नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद के परिवार के स्वामित्व वाली ओडिशा की एक डिस्टिलरी कंपनी और उससे जुड़ी कुछ इकाइयों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी शुक्रवार तड़के समाप्त हो गई। इस छापेमारी के दौरान अब तक का सबसे ज्यादा 351 करोड़ रुपये का नकद जब्त किया गया। आयकर विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग की पिछली दो टीमें ओडिशा और झारखंड में एक-एक परिसर से रवाना हुईं और वे अपने साथ



रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए इलेक्ट्रॉनिक फ़्यूज की खरीद के लिए पुणे के साथ अनुबंध पर किया हस्ताक्षर

# 'पचास हजार करोड़ के ड्रग्स किए जब्त'

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**

महाराष्ट्र विधानसभा सत्र के दौरान सदन में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नशे से जुड़े आंकड़ों को पेश किया है। विधानसभा में चर्चा के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र पुलिस ने बीते दिनों राज्य में लगभग पचास हजार करोड़ की दवाएं जब्त की है। शिवसेना विधायक रवींद्र वायकर के सवाल का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। बता दें मुंबई पुलिस ने हाल ही में 300 करोड़ रुपए मूल्य का 151 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया था। कई छापेमारी के दौरान



कई शहरों से 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन छापेमारी में नासिक जिले के एमआईडीसी शिंदे गावं में एक कारखाने में छापेमारी भी शामिल थी। विधानसभा सत्र के दौरान पुलिस ने मुंबई में दो 2,200 छोटी दुकानों पर नजर रखी है। साथ ही कई दुकानों पर कार्रवाई करते हुए नशे से जुड़ी दवाएं हटाई गई। विधानसभा में सवालों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार आयात किए जा रहे हर उन रसायनों पर नजर रख रही है, जिनका इस्तेमाल नशे पदार्थ के लिए इस्तेमाल की जाती है। बंद फैक्ट्री साइटों का इस्तेमाल दवा उत्पादन के लिए किया जा रहा है। मुंबई पुलिस द्वारा 300 करोड़ रुपये की नशीली दवाओं के भंडाफोड़ के बाद, विपक्ष और सत्ता पक्ष ने मुख्य आरोपी ललित पाटिल को लेकर एक-दूसरे पर निशाना साधा है।

# संसद सूरक्षा चूक मामले में खुलासा, जूते में छिपाए थे कैन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

संसद की सुरक्षा चूक मामले में एक नया खुलासा हुआ है। दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी से पता चला है कि आरोपी अपने जूते के निचले हिस्से को काटकर उसमें कलर कैन छिपाकर संसद के अंदर ले गया था। पुलिस एफआईआर में खुलासा

दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, लोकसभा कक्ष में धुएं का कैन खोलने वाले दो व्यक्तियों ने जूते के निचले हिस्से की मोटी परतों को काटकर उसमें कैन



छिपने की जगह बनाई थी और उसमें उसे छिपा रखा था।

**13 दिसंबर को संसद की सूरक्षा में हुई थी चूक :** बता दें कि 13 दिसंबर को संसद हमले की बरसी के दिन मनोरंजन डी और सागर शर्मा ने लोकसभा में कलर कैन खोलकर पीली गैस छोड़ी थी। इसी समय संसद के बाहर अमोल और नीलम ने भी नारे लगाए हुए कैन से रंगीन गैस स्प्रे किया था। पुलिस ने इस मामले में यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले में कार्रवाई हो रही है। वहीं, अब नया खुलासा हुआ है। पुलिस ने कहा कि दोनों जूते नीचे से कटे हुए थे

**खुलासा**

**8 जूते के निचले हिस्से की मोटी परतों को काटकर उसमें कैन छिपने की जगह बनाई थी ।**

### 'शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली** महाराष्ट्र की सियासत के लिए एक बार फिर बड़ी खबर सामने आ रही है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नारवेकर को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर फैसला लेने के लिए थोड़ा और समय दे दिया है। पहले 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था, जिसे अब बढ़ाकर 10 जनवरी कर दिया है।

**टेक्नोलॉजी**

### सरकार ने मंजूर किये 64 हजार करोड़, बदले जाएंगे राडार, सेंसर और एवियोनिक्स

# 'अपग्रेड होने के बाद सुखो 30 भारतीय जेट हो जाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से अपग्रेड होने के बाद लड़ाकू सुखोई-30 रूसी जेट नहीं रहेगा बल्कि 78 फीसदी स्वदेशी हो जायेगा। पहले चरण में 84 सुखोई-30 को बड़े पैमाने पर अपग्रेड किया जाएगा, ताकि आने वाले वर्षों में इसे अन्य भारतीय निर्मित विमानों के साथ काम करने के लिए 4.5 से अगली पीढ़ी का जेट बनाया जा सके। सरकार ने इसके लिए 64 हजार करोड़ रुपये मंजूर किये हैं, जिससे राडार, मिसाइल, सेंसर और एवियोनिक्स बदला जाना है। केंद्र सरकार ने



लम्बे इंतजार के बाद 30 नवम्बर को 2.23 लाख करोड़ रुपये के विभिन्न पूंजीगत अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) के संबंध में मंजूरी दी थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की इसी बैठक में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल से स्वदेशी तौर पर सुखोई-30 एमकेआई विमान को अपग्रेड करने के लिए मंजूरी दी है। मंजूर किये गए 64 हजार करोड़ रुपये से 84 लड़ाकू सुखोई-30 विमानों को अपग्रेड किया जाना है। सुखोई की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए इसमें ऐसा राडार, नये इंजन, आईआरएसटी सेंसर अगली पीढ़ी के आरडब्ल्यूआर, एडवांस जैमर, वैमानिकी, नए ईडब्ल्यू सूट, डीएफसीसी, भारतीय मिसाइलें और बम लगाए जाने हैं। वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने एक समारोह में कहा कि एचएएल में अपग्रेड होने के बाद सुखोई-30 अब रूसी जेट नहीं रहेगा, बल्कि 78 फीसदी स्वदेशीकरण होने के बाद भारतीय जेट में बदल जायेगा। वायु सेना ने सुखोई लड़ाकू विमानों को उन्नत करने का काम शुरू कर दिया है। चौधरी ने कहा कि वायु सेना के मिराज-2000, सुखोई-30 एमकेआई और मिग 29 विमान 30 से 35 साल पुराने हैं।

**बढ़ावा**

**8 वायु सेना प्रमुख ने कहा- भविष्य के युद्ध आयातित हथियारों से नहीं लड़े जा सकते**

# अतीक अहमद जैसा हत्याकांड, पेशी के दौरान 'छोटे सरकार' को गोली से उड़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/दानापुर (पटना)**

पटना के दानापुर कोर्ट में पेशी के लिए ले जाए गए पांडव गिरोह के शूटर व बिहटा निवासी कुख्यात अभिषेक उर्फ 'छोटे सरकार' की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह कई हत्याकांडों का आरोपित था। 'छोटे सरकार' पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र से पूर्व विधायक चितरंजन के भाई और चाचा की हत्या के आरोप में जेल में था। पुलिस ने वारदात में शामिल दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का संदेह मनोज



माणिक गिरोह पर है। मृतक की नौबतपुर के एक गिरोह से भी पुरानी अदावत थी। मिली जानकारी के अनुसार, बिहटा के सिकंदरपुर निवासी रजन सिंह का पुत्र छोटे सरकार उर्फ अभिषेक कुमार तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बिहटा थाना में आधा दर्जन मारपीट, छीना-झपटी के मामले दर्ज हैं। नौबतपुर मसौढ़ी एवं जहानाबाद थाना में हत्याकांड का आरोपी था।

# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का हर्षोल्लास के साथ उपराष्ट्रपति करेंगे आगाज

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र** (दलबीर मलिक)अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का हर्षोल्लास के साथ 17 दिसबंर को आगाज होगा। इस महोत्सव का शुभारंभ उपराष्ट्द्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे। इस महोत्सव की शुरूआत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के गीता सेमिनार के साथ होगी। इस सेमिनार के उपरांत उपराष्ट्द्रपति तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में असम पवेलियन, हरियाणा पवेलियन, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति कार्य विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे और फिर



महापूजन व महाआरती में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत गीता ज्ञान संस्थानम के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होंगे।

उपायुक्त शांतनु शर्मा शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र भौरिया ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनने वाले हेलिपैड, ऑडिटोरियम हॉल, ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग में असम व हरियाणा पवेलियन, जनसंपर्क विभाग की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी, आरती स्थल व गीता ज्ञान संस्थानम केंद्र के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इन सभी स्थलों पर एचसीएस और एचपीएस स्तर के अधिकारियों की डयूटी लगाई गई है और इन सभी स्थलों पर डयूटी पर तैनात अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था के बारे में कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की भी चुक नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी इमानदारी के साथ अपनी डयूटी का निर्वाह करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों में मीडिया के लिए स्थल निर्धारित किए गए है। सभी अधिकारियों और मीडिया कर्मियों का प्रवेश प्रशासन द्वारा जारी किए आई कार्ड से ही किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति को आई कार्ड के बिना प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी को सुरक्षा व्यवस्था के नियमों की पालना प्रोटोकॉल के अनुसार करनी होगी। इस दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से ट्रैफिक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने होंगे और चप्पे-चप्पे पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों का आगाज 17 दिसंबर को हो जाएगा। इस महोत्सव में 17 से 24 दिसंबर तक पुरुषोत्तमपुरा बाग में रोजाना सांयकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# कुरुक्षेत्र: पैंशन व फैमिली आईडी से संबधित समस्याओं का किया जाएगा समाधान

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ बाबैन (दलबीर मलिक) समाजसेवी** एवं नेता संदीप गर्ग ने शुक्रवार को गांव टाटका में बुजुर्गों की समस्याएं सुनी।समाजसेवी संदीप गर्ग गांव टाटका में सरपंच दुनी चंद के निवास स्थान पर ग्रामीणों से मिले। उन्होंने कहा कि इस समय सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है और सभी बुजुर्ग अपने आप को बचाकर रखें। जितना हो सकें घरों से बाहर कम से कम निकले। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों को पैंशन, फैमिली आईडी या आधार कार्ड आदि को लेकर कोई भी समस्या है तो उनकी उन समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी बुजुर्ग को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने



कहा कि 18 दिसंबर से यमुनानगर जिले के रादौर में भी मात्र पांच रूपए में भरपेट भोजन के लिए रादौर रसोई की शुरूआत की जा रही है। सभी लोग वहां पर सादर आमंत्रित हैं। वहीं सरपंच दुनी चंद ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग जो लाडवा हल्के की जनता की सेवा कर रहे हैं उसके जितने प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज तक ऐसा कोई भी नेता नहीं देखा है जो बिना कुछ बने ही हल्के की जनता की सेवा करने पर लगा हो। मौके पर रघुबीर सिंह, अनिल, सुरेश, हुकम चंद, तिलक राज, रिन्कू, भगवान दास सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कुरूक्षेत्र में आयोजित किया सफल सड़क सुरक्षा जागरुता अभियान

**कुरूक्षेत्र । सक्रिय दृष्टिकोण** की आवश्यकता पर जोर देते हुए होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया सड़क का इस्तेमाल करने वाले सभी यूजर्स के लिए सुरक्षित वातावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा के प्रति, लोगों के उन्मुख इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए एचएमएसआई ने हरियाणा के कुरूक्षेत्र शहर में अपने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान को आगे बढ़ाया। एचएमएसआई अपने कार्पोरेट उत्तरदायित्व में सड़क सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व देती है। जेपीएस एकेडमी, असंध, कुरूक्षेत्र में आयोजित इस तीन दिवसीय कैम्प में 2200 से अधिक छात्रों एवं स्टाफ के सदस्यों ने सक्रियता के साथ हिस्सा लिया। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया। एचएमएसआई का मानना है कि बच्चों को कम उम्र से ही सड़क सुरक्षा पर जागरुक बनाना जरूरी है और इसीलिए कंपनी स्कूल एवं कालेज पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण को शामिल करने पर जोर देती है। युवा किसी भी नई चीज को जल्दी सीखते हैं, इस बात को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने अगली पीढ़ी को सड़क सुरक्षा के बारे में ज्ञान एवं कौशल के साथ सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। अपनी शुरूआत के बाद से हरियाणा राज्य में एचएमएसआई, सड़क सुरक्षा की आदतों एवं सड़क के जिम्मेदाराना इस्तेमाल को बढ़ावा देते हुए तकरीबन 2.70 लाख व्यस्कों और बच्चों को सड़क सुरक्षा पर शिक्षित कर चुकी है।

### वी ने अनरित्सु के साथ की साझेदारी

**गुरुग्राम। भारत के प्रमुख** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने उपभोक्ताओं को वोल्टे (वॉइस ओवर एलईटी) पर कॉलिंग का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए अनरित्सु के साथ साझेदारी की है। वोल्टे एक जटिल आर्कीटेक्चर है, जिसमें मल्टीपल नोड्स और इंटरफेसेज होते हैं, जो पारम्परिक ओएसएस सिस्टम में चुनौतियों के चलते उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों को पहचान कर उन्हें अलग करता है। उपभोक्ताओं के विशिष्ट मुद्दों को पहचानना जैसे म्यूटेड कॉल्स, ड्रॉप्ड वर्ड्स, यह अन्य ओएसएस सिस्टम पर उपलब्ध नहीं होता। अनरित्सु सभी वोल्टे डाइमेंशन्स जैसे सब्सक्राइबर, डिवाइस, नेटवर्क नोड्स, कोडेक्स और सैल-आईडी में इनसाईट्स के साथ विजिबिलिटी बढ़ाता है। इससे उपभोक्ताओं को प्रभावित करने वाले वोल्टे मुद्दों और उनके समाधानों को पहचानने में कम समय लगता है। वोल्टे पर अनरित्सु की पेटेंटेड एनोमली डिटेक्शन का उपयोग कर वी ने समस्या के समाधान में लगने वाले औसत समय को 30 फीसदी तक कम किया है। ये मुद्दे रियल टाईम में पहचान लिए जाते हैं, और फिर एक्शनेबल इंटेलीजेन्स वाली प्रासंगिक टीम को भेजा जाता है। अनरित्सु के क्लाउड-फर्स्ट ऐप्लीकेशन्स का फुल स्यूट, जिसमें ईओमाइंड एनोमली डिटेक्शन शामिल है, को वी वे ओपन युनिवर्सल हाइब्रिड क्लाउड में डिप्लॉय किया जाता है।

### हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम विथ पेयटन मैनिंग पर एक साथ आ रहे हैं दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोग, प्रोडक्ट्स और स्थान

**नई दिल्ली। हेनरी फोर्ड** की दूरदृष्टि जिसने ऑटोमोबाइल को आम जनता के लिए किफायती बनाया या जेफ बेजोस जिन्होंने ऑनलाइन बाजार का निर्माण करके हमारी खरीदारी और खर्च करने के तरीके में क्रांतिकारी परिवर्तन किया, ये ऐसे दूरदर्शी लोग हैं जिन्होंने हमारी आधुनिक जीवनशैली को पूरी तरह बदल दिया और अब इनके बिना दुनिया की कल्पना भी नहीं की जा सकती। ऐसे ही प्रभावशाली लोगों और प्रोडक्ट्स के सफर को दिखाएगी नई सीरीज हिस्ट्रीज ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम विथ पेयटन मैनिंग , जिसका प्रीमियर हिस्ट्री टीवी18 पर 16 दिसंबर शनिवार-रविवार को रात 9:00 बजे हो रहा है। यह सीरीज हर सप्ताह विभिन्न श्रेणियों में दस महानतम लोगों को आमने-सामने रखेगी और पता लगाएगी कि क्यों और कैसे उन्होंने विश्व स्तर पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें श्रेष्ठ बनाया। सीरीज की मेजबानी पेयटन मैनिंग द्वारा की गई है, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ अमेरिकी फुटबॉल क्वार्टरबैक में से एक माना जाता है। महानतम होने का क्या मतलब है और यह सम्मान कैसे तय होता है प्रत्येक दावेदार को रैंक करने के लिए 100 विशेषज्ञ विभिन्न श्रेणियों में स्टेटिस्टिक्स, इनोवेशन और लेगसी को मापदंड मानकर उन पर विचार करते हैं।

# सभी अधिवक्ताओं को अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)किसान** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि बार के विकास के लिए सभी अधिवक्ताओं को मतदान करना चाहिए। मतदान के दौरान एक एक वोट की कीमत होती है। इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का उपयोग कर ऐसे प्रतिनिधि को चुनना चाहिए जो बिना किसी भेदभाव के विकास कराए, लेकिन इसके लिए हमारा मतदान करना बहुत जरूरी हैं। बार एसोसिएशन के चुनाव में अपना वोट डालने के बाद मधुसूदन बवेजा ने अधिवक्ताओं से अपील की कि सभी अधिवक्ताओं को अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए।

# कुरूक्षेत्र: लोगों के घरों तक पहुंच रही है सरकार की योजनाएं: नायब

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ पिपली (दलबीर मलिक)भाजपा** प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा के माध्यम से सरकार लोगों के द्वार पर जाकर लाभार्थियों को योजनाओं की सौगात दे रही है। इस जनसंवाद यात्रा में लोगों की समस्याओं का भी मौके पर ही समाधान किया जा रहा है और जो भी वंचित लोग है, उन्हें सरकार की योजनाओं का तुरंत लाभ भी दिया जा रहा है। इस यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद नायब सिंह सैनी शुक्रवार को गांव ढेरु माजरा के राजकीय



स्कूल में आयोजित विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा में लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी व प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए स्टॉलों का अवलोकन किया और योजनाओं की फीडबैक ली। सांसद नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी लोगों की प्रत्येक समस्या का निवारण करेंगे तथा किसी भी व्यक्ति को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समावेशी विकास की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण, युवा उत्थान और अंत्योदय को हासिल करने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर व्यवस्था परिवर्तन किया है। बीपीएल परिवारों के लिए आय सीमा 1.20 लाख से बढ़ाकर 1.80 लाख सालाना की गई है। उन्होंने आयुष्मान भारत, चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना आदि की जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

# समालखा: हिमगिरी पब्लिक स्कूल में शुरू हुआ खेल पखवाड़ा

**समालखा हिमगिरी पब्लिक** स्कूल , बिहौली रोड, समालखा में आज खेल पखवाड़े की शुरूआत की गई । खेल पखवाड़े की शुरूआत प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, खेलप्रभारी हरेन्द्र सिंह व सुखबीर शर्मा ने रिबन काटकर की। विद्यालय के चार सदनों विवेकानंद, टैगोर, दयानन्द व गाँधी सदन के मध्य विभिन्न खेलों को लेकर प्रतिस्पर्धा की शुरूआत की गई । आज स्कूल में चारों सदनों के मध्य वॉलीबाल व बास्केटबॉल खेलो



की प्रतिस्पर्धा कराई गई । वॉलीबाल अंडर-19 लड़को में टैगोर सदन ने प्रथम स्थान व दयानन्द सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । बास्केटबॉल अंडर-17 गर्ल्स में टैगोर सदन ने प्रथम व दयानन्द सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा अंडर-14 में टैगोर सदन ने प्रथम व दयानन्द सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

# हरियाणा पैवेलियन की रसोई में लगेगा देसी घी का तड़का

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित हरियाणा पैवेलियन में देसी घी का तडका लगेगा और उसके साथ ही हरियाणवी खान-पान पर्यटकों को उपलब्ध रहेगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के उप-निदेशक डॉ. दीपक राय बब्बर ने दी। डॉ. दीपक राय ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन इस वर्ष पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें हरियाणा हस्तशिल्प के साथ-साथ हरियाणवी खान-पान विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

# जैन स्थानक समालखा में हुआ वैरागण बहन का तिलक समारोह



**टीम एक्शन इण्डिया/ समालखा जैन संत आचार्य श्री सुभद्र** मुनि जी महाराज के श्री चरणों में 22 फरवरी 2024 को वैरागण बहन अंशी जैन की भागवती दीक्षा पानीपत गांधी मंडी में होगी। दीक्षा से पहले होने वाली रसम तिलक समारोह समालखा श्री संघ के प्रधान वीर प्रकाश जैन एवं महामंत्री अनुराग जैन तथा कोषाध्यक्ष पवन जैन व मैनेजर इतेंद्र जैन की अध्यक्षता में एवम महासाध्वी श्री ज्ञान प्रभा जी महाराज एवं महासाध्वी श्री मधुबाला जी महाराज के श्री चरणों में वैरागन (संन्यासी)बहन का तिलक समारोह आज शुक्रवार को नई जैन स्थानक भटनागर गली में बड़ी धूम धाम से सम्पन हुआ । इस सभा के बीच मे वेरागण अंशी जैन ने अपने भावों को प्रकट किया और बताया कि मैं संयम मार्ग पर अपने हर कदम को अड़ोल और अकंप रखूंगी और कैलाश वाटिका का महकता हुआ फूल बनूंगी।वैरागण बहन ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया की 22 फरवरी को पानीपत दीक्षा समारोह में आकर संयम पद के लिए मुझे आशीर्वाद दे और यहां पर विराजित साध्वी पूज्य महा साध्वी श्री ज्ञान प्रभा जी महाराज ने भी कहां की संयम का मार्ग कोई आसान मार्ग नहीं है संयम का मार्ग तो वह मार्ग है जो मोम के दांतों से लोहे के चने चबाने के समान समझा गया हैं। सयम मार्ग कोई बच्चो का मार्ग नही है। वैरागन बहन अपने संयम पथ पर निरंतर आगे बढ़ती रहे।इस कार्यकर्म में जैन समाज के अन्य वरिष्ठ और श्रेष्ठ भाई बहन उपस्थित रहें। इस समारोह में पानीपत , महावटी,देहरा, गुज्जर खेड़ी एवम राजपुरा जहा इस समय श्री सुमेर मुनि जी एवम श्री श्रेयांश मुनि जी विराजित हैं श्रद्धालु यहां पहुंचे । इस दौरान कैलाश जैन,ईश्वर जैन, प्रमोद जैन, भूषण बंसल संजय मित्तल,शिक्षा जैन,रजनी जैन,सुमन जैन,प्राची जैन,सारिका जैन आदि मौजूद रहे।

# विकास की परिभाषा को बदलता है दुनिया में प्रधानमंत्री का रुतबा: उमा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक ) नगर परिषद** की निर्वतमान अध्यक्षा उमा सुधा ने थानेसर विधानसभा के गांव समसपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, क्षेत्रवाद को खत्म कर विकास की परिभाषा को बदला है इससे दुनिया के दूसरे देशों में प्रधानमंत्री का रुतबा और देश की इज्जत, मान सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री हैं। हिंदुस्तान को 2047 में विकसित करने का जो सपना प्रधानमंत्री ने देखा है, उस सपने



को आमजन के सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। यह यात्रा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने के लिए चलाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों में जिस तरह से पारदर्शिता आई है उससे नौकरियों में सबका हक हुआ है। यह बदलाव प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कल में विकसित भारत किस तरह से बने यही मोदी जी का सपना है और इसको हम सब ने मिलकर बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमजन के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आयुष्मान भारत योजना शुरू की थी जिसका विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री ने चिरायु हरियाणा के नाम से योजना चला कर प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी को आयुष्मान भारत चिरायु हरियाणा के तहत लाभ प्रदान किया है। इस योजना में परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए 5 लाख तक के इलाज का प्रावधान किया गया है। यही नहीं लोगों को लाल डोरा मुक्त कर मालिकाना हक दिलाने का जो काम प्रदेश सरकार ने किया है उसकी प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है।

# स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना ही आधा इलाज है: एमके मौदगिल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)सर्व** समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर परिसर में स्टॉल नंबर 749 पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिगनस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की टीम ने लोगों का ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर जांचा। शिविर में केडीबी के सदस्य एमके मौदगिल बतौर मुख्य अतिथि पधारे व अध्यक्षता स्वतंत्रता सेनानी परिवार के वरिष्ठ सदस्य व परम गौ भक्त आरडी गोयल ने की। शिविर में डा. परवेज अख्तर की अध्यक्षता में फार्मासिस्ट विशाल, शैलजा, डेंटल असिस्टेंट रिंकी ने 62 लोगों का ब्लड शुगर व 55 लोगों का ब्लड प्रेशर चेक किया। समिति के



संरक्षक नरेश सैनी ने बताया कि 16 व 17 दिसंबर को स्टॉल पर रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में 18 वर्ष से ऊपर का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। मुख्यातिथि केडीबी के सदस्य एमके मौदगिल ने कहा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना ही आधा इलाज के बराबर होता है। यदि मनुष्य अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं है तो समझो वह बीमारी को बढ़ावा दे रहा है। शिविर की अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी आरडी गोयल ने कहा कि पहले के जमाने में जहां मनुष्य को 40 की उम्र के बाद ही बीमारियों की शुरूआत होती थी, वहीं आज बीमार होने की कोई उम्र ही नहीं रही। आज के समय में खान-पान ऐसा हो गया है कि छोटे बच्चे से लेकर वृद्धों तक सभी किसी न किसी बीमारी की दवाई ले रहे हैं। ऐसे में अपने स्वास्थ्य की जांच समय-समय पर कराते रहें तो बीमारी का जल्दी पता चल जाता है और बीमारी का यदि समय पर पता चल जाता है तो उसका इलाज संभव हो जाता है।

इस अवसर पर समिति के प्रदेशाध्यक्ष व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रेस के इंचार्ज रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, जिला प्रधान पुनीत सेतिया सिगनस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पीआरओ सुनील व अमृतपाल भी मौजूद रहे।

# कुरूक्षेत्र: ढोल-नगाड़ों की वाद्य यंत्रों से गुंजायमान हुआ ब्रहमसरोवर का तट

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)हरियाणा** की धर्म नगरी कहे जाने वाले कुरुक्षेत्र के ब्रहमसरोवर पर 24 दिसंबर 2023 तक चलने वाला अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव ढोल-नगाड़ों, बीन-बांसुरी जैसे पारम्परिक वाद्य यंत्रों से गुंजायमान हो चुका है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों के द्वारा दी जा रही प्रस्तुति जहां आकर्षण का केंद्र बन रही है, वहीं दूसरी ओर कलाकारों की मनमोहक अदाओं ने पर्यटकों का दिल जीत लिया है। इसके साथ-साथ खान पान की विभिन्न स्टॉल आकर्षण का केंद्र बन रही है। महोत्सव में अबकी



बार गीता महोत्सव में मां वैष्णो देवी दरबार और केदारनाथ मंदिर दर्शकों के लिए उत्साह का केंद्र बना हुआ है। अलग अलग राज्यों से आए हुए शिल्पकारों ने अपनी कला के माध्यम से सभी का मन मोह लिया है। जिसमें किशन गढ़ से आए हुए हस्तकला पेंटर हो या बिहार की मधुबनी चित्रकारी, सभी वस्तुएं अपने आप में अदभुत है। हर शिल्पकार की अपनी एक कला है, वो कला जो भारत देश के गौरवशाली इतिहास को बयान करती है।

# विकसित राष्ट्र बनाने में प्रदेश का होगा अहम योगदान

## बाढ़सा गांव में आयोजित कार्यक्रम में पंहुचे भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़

**अहम योगदान**

**8 समाज के हर वर्ग को विकास में बराबर का भागीदार बनाने से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**अमृतकाल** में वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के पीएम मोदी के सपने को साकार करने में हरियाणा का अहम योगदान होगा। देश की सुरक्षा, रक्षा, अन्न उत्पादन, औद्योगिक उत्पादन, आईटी, कौशल विकास, खेलों आदि में हरियाणा अग्रणी राज्य बना हुआ है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव बाढ़सा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कार्यक्रम में विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाते हुए कहा कि मोदी का विजन स्पष्ट है कि समाज के हर वर्ग को विकास में बराबर का भागीदार बनाने से ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। सुशासन, गरीब कल्याण व व्यवस्था परिवर्तन पीएम मोदी की प्राथमिकताओं में शामिल है। नई व्यवस्था में व्यक्ति नहीं, सिस्टम की महता होगी।

**हर पात्र को योजना के लाभ की गांरटी हैं मोदी**

राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हर लाभार्थी को उनके गांव में ही योजनाओं का लाभ देने की मोदी की गारंटी साकार हो रही है। प्रधानमंत्री स्वयं विकसित भारत संकल्प यात्रा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और बार बार लाभार्थियों से सीधा संवाद कर रहे हैं। शनिवार को एक बार फिर दोपहर बाद चार बजे पीएम मोदी गारंटी रथों के माध्यम से अपना संदेश देंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक -एक पात्र लाभार्थी के बारे में सोचते हैं और योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सजग हैं। हर पात्र जरूरतमंद को आयुष्मान चिरायु योजना से ईलाज की गारंटी, फ्री रसोई गैस कनैक्शन, हर घर नल से जल, हर घर शौचालय जैसे कार्य होने से पात्र नागरिक सम्मान के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।

**धारा 370 हटने और राम मंदिर बनने का सपना हुआ साकार**

**राष्ट्रीय :** सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि युवा वर्ग बड़ी सोच और सपने के साथ लक्ष्य तय करें। हमने युवा व्यवस्था में सपना देखा था कि कश्मीर से धारा 370 हटे और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो। इसके लिए बड़े स्तर पर प्रयास हुए और आज हम अपने सपने साकार होते देख रहे हैं। केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 हटा दी, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी।

## गांव गांव पंहुच रहा मोदी की गारंटी का रथ

**भाजपा** के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत बादली हलके के गांव बाढ़सा में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पंहुच रही है। पहले लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। अब मोदी के सेवाकाल में अधिकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए मोदी की गांरटी का रथ लेकर गांव-गांव आ रहे हैं। मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। राष्ट्रीय सचिव ने कार्यक्रम में स्टॉलों का अवलोकन किया, पात्र महिलाओं को गैस कनैक्शन सौंपे, विकसित भारत बनाने के संकल्प की शपथ दिलाई और सराहनीय कार्य करने वाले नागरिकों व छात्रों को सम्मानित किया। बादली उपमंडल के गांव मुंडाखेड़ा में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पलवल जिला प्रभारी डॉ दिनेश घिलोड़ ने बतौर मुख्य वक्ता भागीदारी करते हुए उपस्थित जन को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई और सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इस दौरान डॉ दिनेश घिलोड़, विनोद बाढ़सा, ज्ञान चंद सरपंच, चंदन प्रधान, नरेंद्र सरपंच, अशोक मुंडाखेड़ा, राजेंद्र जिला पार्षद, संतराम, जल सरंक्षक अभियान के जिला संयोजक श्याम अहलावत, प्रदीप पंच, धीरपाल सहित प्रमुख कार्यकर्ता और प्रशासन की ओर से एसडीएम रविंद्र कुमार, बीडीपीओ युद्धवीर सिंह सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अब 14 मार्च तक अपडेट करवा सकते हैं अपना आधार कार्ड

**आधार कार्ड**

**8 सभागार में आधार कार्ड के संदर्भ में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।**

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम/काजल रानी**
भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अवधि अब 14 मार्च, 2024 तक बढ़ा दी है। आधार कार्ड हर नागरिक के लिए एक आवश्यक दस्तावेज है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का आधार कार्ड अपडेट होना चाहिए और उसे अपने पैन कार्ड, एलपीजी कनेक्शन, बैंक खाते के साथ लिंक करवाएं। यह बात डीसी निशांत कुमार यादव ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आधार कार्ड के संदर्भ में आयोजित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड अपडेट करने, नए बनाने और डाटा ठीक करने के कार्य में सरकारी नियमों के अनुसार ही नागरिकों से शुल्क व दस्तावेज लिए जाने चाहिए। कोई भी आधार कार्ड गैर कानूनी तरीके से ना बनाएं। किसी भी एक व्यक्ति के दो आधार कार्ड नहीं होने चाहिए। यूएडीआई अर्थात भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार कार्ड को अपडेट करवाने की तारीख 14 मार्च तक बढ़ा दी है। आम नागरिक बिना कोई शुल्क दिए फ्री में 14 मार्च तक अपने दस साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए प्राधिकरण ने सरकारी भवनों, बैंक, पोस्ट ऑफिस, सामुदायिक केंद्र, बीएसएनल ऑफिस में आधार केंद्र स्थापित किए हुए हैं। नागरिक इन आधार केंद्रों पर जाकर निःशुल्क अपना आधार कार्ड दुरुस्त करवा सकते हैं।

**न्यूज फ्लैश**

## रेवाड़ी में एम्स निर्माण को जमीन केंद्र को सौंपी, जल्द रखी जाएगी आधारशिला



**चंडीगढ़।** रेवाड़ी में एम्स के निर्माण को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को सदन में सरकार को घेर लिया। प्रदेश सरकार ने जल्द ही एम्स का निर्माण शुरू होने का दावा किया है। 1 फरवरी 2019 को केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट में इसे शामिल किया था। इसके बावजूद अभी तक एम्स का निर्माण शुरू नहीं होने पर रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने शुक्रवार को सदन में यह मुद्दा उठाया। चिरंजीव राव ने कहा कि एम्स के डिजाइन को लेकर टेंडर जारी किए गए थे, जिन्हें वापस ले लिया गया है। वर्ष 2015 से यह केवल घोषणा बनी हुई है। राव ने इस मुद्दे पर कई सवाल किए, जिनका नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने समर्थन किया। सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने 1 फरवरी 2019 को अपने बजट भाषण में हरियाणा राज्य में देश के 22वें एम्स की स्थापना की घोषणा की थी और जल्द ही हरियाणा में एम्स का शिलान्यास किया जाएगा। हरियाणा सरकार ने एम्स, रेवाड़ी के निर्माण के लिए 203 एकड़ 3 कनाल 5 मरला भूमि 40 लाख प्रति एकड़ की दर से खरीद की है और केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को पट्टे पर दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि एचएलएल इंफ्रा टेक सर्विसेज लिमिटेड को निर्माण स्थल पर पूर्व-निवेश गतिविधियों के लिए 28 नवंबर 2022 को केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से नियुक्त किया गया है और निर्माण कार्य शीघ्र आरम्भ होने की संभावना है। इस मुद्दे पर जब विपक्ष की तरफ से कई सवाल उठाकर सरकार को घेरा गया तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल खुद खड़े हुए और उन्होंने कहा कि एम्स की स्थापना अब धरातल पर शुरू होने जा रही है। बहुत जल्द दोबारा टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और इसकी आधारशिला भी रखी जाएगी।

## आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को योजनाओं का पूर्ण लाभ दें बैंक: विश्राम मीणा

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को यहां लघु सचिवालय में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) व जिला स्तरीय समीक्षा कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी विश्राम कुमार मीणा ने बैंकों के ऋण जमा अनुपात, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, हरियाणा महिला विकास निगम, केसीसी लोन, पीएम फसल बीमा योजना, पीकेसीसी, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना, पीएम मुद्रा योजना सहित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत बैंकों में भेजे गए आवेदनों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में मौजूदा वित्त वर्ष के सितंबर माह में खत्म हुई छह माही के दौरान सरकारी योजनाओं के तहत जिला के विभिन्न बैंकों को ऋण के लिए प्रस्तुत किये गये आवेदनों की बैंकवार समीक्षा करने उपरान्त एडीसी मीणा ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं को सफल बनाने में बैंकों की अहम भूमिका है। ऐसे में ऋण के लिए प्राप्त आवेदनों को बैंकों के प्रतिनिधी प्राथमिकता के साथ जांच कर स्वीकृत प्रदान करें। उन्होंने योजनाओं से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के आवेदन तैयार कर उनकी बारीकी से जांच करें और कोशिश करें कि लाभार्थी के आवेदन में उनके स्तर पर किसी प्रकार की कमी न हो।

## अस्पताल में नर्सिंग आफिसर ने काले बिल्ले लगा किया काम

**जींद।** ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर शुक्रवार को नर्सिंग ऑफिसर ने अपनी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगा कर काम किया। नर्सिंग ऑफिसर का कहना था कि वो सी से बी ग्रुप में लिए जाने, 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस दिए जाने सहित कई मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन उनकी लंबित मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते जिला भर की नर्सिंग ऑफिसर 20 दिसंबर तक काले बिल्ले लगा कर काम करेंगे। ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर नर्सिंग स्टाफ नागरिक अस्पताल की नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर एकत्रित हुई और काले बिल्ले लगा रोष व्यक्त किया। जिला प्रधान शारदा सहरावत ने कहा कि नर्सिंग कैडर की लंबित मांगों के कारण कर्मचारियों में रोष बना हुआ है।

## जींद जिले में स्थापित की जाएगी औद्योगिक मॉडल टाउनशिप



**8 विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य के प्रश्न का जवाब दे रहे थे।**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जिला जींद में एनएच- 152 डी और दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के क्रॉस जंक्शन के पास एक औद्योगिक मॉडल टाउनशिप स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन के एक सदस्य के प्रश्न का जवाब दे रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जिला जींद में राज्य सरकार की मंजूरी लेने के बाद दो संभावित स्थलों की पहचान की गई है और सभी तंत्रों यानी ई-भूमि, लैंड पूलिंग पॉलिसी-2022 और लैंड पार्टनरशिप पॉलिसी- 2022 के माध्यम से खरीद के लिए प्रक्रिया की गई है। ई-भूमि पोर्टल पर भूमि मालिकों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर साइट/क्षेत्र को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एचएसआईआईडीसी की विस्तृत विशिष्ट साइट मूल्यांकन किया जाएगा। चौटाला ने बताया कि जींद जिला के गांव जामनी, अमरावली खेड़ा, खरक गाडियान, धतरथ और भूरान की राजस्व सम्पदा सफीदों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा गांव खेड़ी तलौदा की राजस्व संपदा जींद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

# सैनी की उपस्थिति में जजपा के अनेक नेता भाजपा में हुए शामिल




**शामिल**

**8 मोरनी में आयोजित स्वागत समारोह में बोले नायब सैनी - भाजपा राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा मंच**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
मोरनी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में शुक्रवार को जजपा के पूर्व हलका अध्यक्ष बलदेव सिंह राणा सहित सैकड़ों कार्यकताओं, पंचों, सरपंचों व बीडीसी मेंबरों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। नायब सिंह सैनी ने सभी को भाजपा पार्टी का पटका सम्मान स्वरूप पहनाया। भाजपा ज्वाइन करने वाले सभी नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष संकल्प लिया कि वे भाजपा की रीति-नीति के अनुसार पार्टी में आस्था रखते हुए संगठन को और मजबूत करने का काम करेंगे। श्री सैनी ने भी सभी को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय शर्मा, पूर्व विधायक लतिका शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बंतो कटारिया, जिला महामंत्री बिरेंद्र राणा, परमजीत कौर, जिला मीडिया प्रमुख नवीन गर्ग, मोरनी मंडल अध्यक्ष सुखबीर राणा आदि मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा मंच है। भाजपा न केवल देश की बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और मजबूत सेवा भाव का संगठन है। आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत की विदेशों में पहचान बनी है और तेजी से ताकतवर देश बनकर उभर रहा है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास की एक नई करवट ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में देश का सम्मान दुनिया में उंचा हुआ है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए श्री सैनी ने कहा कि विपक्ष के नेता जो दुष्प्रचार करते थे उनको राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की जनता ने आइना दिखा दिया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता की श्रद्धा और विश्वास सिर्फ मोदी और मोदी की गारंटी में है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी शहर-शहर और गांव-गांव में घूमकर लोगों को मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आग्रह करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जिस भी क्षेत्र में पहुंचती है, उनका सहयोग करें और लोगों को ढूंढ-ढूंढ कर योजनाओं से जोड़ें। श्री सैनी ने यह भी कहा कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर मोदी और मनोहर सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें। बलदेव सिंह राणा के साथ भाजपा का दामन थामने वालों में मुख्य रूप से जिला परिषद मेंबर रोमा देवी, कुसुम लता, टिक्कर सरपंच सुषमा देवी, सरपंच रविन्द्र, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह, पूर्व सरपंच खुशहाल सिंह, पूर्व पंच खुशहाल सिंह, चमन राणा, पुष्पेंद्र राणा, सुभाष राणा, लेखराज, नरेश कुमार, प्रीतम परमार, प्रदीप बहलो, कर्ण परमार, पंकज परमार, तरशेम, पूर्णचंद मास्टर, मलकीत सिंह भोगपुर सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा है आपके साथ



Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच

आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे


Dr. Singh examining a patient

DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES

# विकसित भारत का निर्माण करना है : नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरूक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी शुक्रवार को लाड़वा विधानसभा के गांव ढेरू माजरा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। नायब सैनी और लाड़वा के पूर्व विधायक व प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी ने जरूरतमंदों को गैस के चूल्हें वितरित किए और यहां लगी केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी को भी देखा। प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश के शहर तथा गांवों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर उस व्यक्ति को लाभ पहुंचाना है जो अभी तक मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं से वंचित रह गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प विकसित भारत का निर्माण करना है। इस मौके पर श्री सैनी ने ग्रामवासियों को भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का अभिनंदन कर सभी को विकसित भारत बनाने में योगदान की शपथ दिलाई। नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संकल्प है कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनें। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासी मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए भारत को दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ जुट जाएं। श्री सैनी ने कहा कि यह मोदी सरकार के संकल्प का ही परिणाम है कि जम्मू कश्मीर से धारा-370 हटी और अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है जिसकी 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होगी। श्री सैनी ने मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पीएम उज्जवला योजना से देशभर की करोड़ों माताओं-बहनों को निशुल्क गैस देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गरीबों के दुख दर्द को जाना है, इसलिए उन्हें आयुष्मान और चिरायु योजना से जोड़कर 5 लाख रुपये तक फ्री इलाज की गारंटी दी है।

## न्यूज फ्लैश

### नपा ने चलाया सफाई करने का अभियान

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा:** नगरपालिका की तरफ से शहर के बंद पड़े नालों की सफाई करने का काम शुरू कर दिया है। दिल्ली मार्ग पर बाईपास किनारे से नालों को साफ करने की कारवाई को नगरपालिका ने शुरू किया, जिसे शहर की अंदर की तरफ लाया जाएगा। इस दौरान रास्ते में आने वाले सभी चबूतरे जो कि नालों के ऊपर बनाए गए हैं, उन्हें तोड़ने का काम नगरपालिका की तरफ से किया जा रहा है शुक्रवार को खरखौदा में नगरपालिका की तरफ से नालों की सफाई करने, अतिक्रमण पर कार्रवाई करने का एक अभियान चलाया गया है। जिससे पहले सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के साथ ही नालों पर चबूतरे बनाने वालों के नगरपालिका चेता चुकी है कि उन्हें अब अवैध रूप से जमाया गया यह कब्जा हटाना ही होगा। नगरपालिका की तरफ से शहर के नालों के साफ करने की कार्रवाई को शुरू कर दिया गया। जिसके तहत शहर के दिल्ली मार्ग पर बाईपास किनारे से शहर की तरफ साफ किया जा रहा है। नपा की तरफ से इस बार सफाई कर्मियों की बजाए जेसीबी से नालों को साफ करने का काम शुरू किया गया है। ऐसे में जहां पर बीच रास्ते में नालों पर बने चबूतरे सफाई करने में रुकावट बन रहे हैं उन्हें साथ के साथ तोड़ा जा रहा है, ताकि उनकी सफाई विधिवत रूप से की जा सके।

### कमल शर्मा बने खरखौदा बार एसोसिएशन के प्रधान

**खरखौदा/सोनीपत- सोमपाल सैनी**
**खरखौदा :** शुक्रवार को बार एसोसिएशन खरखौदा में हुए चुनाव में कमल शर्मा प्रधान चुने गए हैं। उन्होंने 3 मतों से जीत दर्ज की है। आपको बता दे कि खरखौदा बार एसोसिएशन में कुल 151 वोट है। इस चुनाव में कुल 149 वोट डाले गए है। जिसमें कमल शर्मा को 54 वोट मिले, और उन्हें प्रधान चुना गया हैं। वही दूसरे नंबर पर रहे जगमोहन पाराशर को 51 वोट मिले हैं जबकि राकेश दहिया को 43 वोट मिले है जो तीसरे स्थान पर रहे हैं। आपको बता दे तीन वोटों के अंतराल से जीत दर्ज कर बार एसोसिएशन खरखौदा के प्रधान कमल शर्मा नियुक्त किए गए। इससे पहले भी वे बार प्रधान रह चुके हैं। प्रधान कमल शर्मा ने सभी साथियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वे बार एसोसिएशन के कल्याण एवं उत्थान के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे और वकील साथियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उप प्रधान पद के लिए सत्यजीत दहिया चुने गए। उन्हें 80 वोट प्राप्त हुए। इंद्रजीत गहलोत को 69 वोट मिले हैं। जबकि सचिव पद के लिए अमित दहिया को चुना गया। उन्हें 81 मत प्राप्त हुए जबकि उनके प्रतिद्वंदी विकास दहिया को 66 मत ही प्राप्त हो पाए। कोषाध्यक्ष के पद पर प्रवीण पाराशर व सह सचिव के पद पर मोहित दहिया को सर्वसम्मति से चुना जा चुका है।

### 22 व 23 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गीता जयंती महोत्सव : डॉ. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**अतिरिक्त उपायुक्त** एवं गीता जयंती महोत्सव की जिला नोडल अधिकारी डॉ. वैशाली शर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जिला में 22 व 23 दिसंबर को डॉ. मंगल सैन ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में गीता जयंती महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाए, अभी से इसकी तैयारियों में जुट जाए और समय रहते अपने-अपने विभाग से संबंधित बेहतरीन तरीके से प्रबंधन व्यवस्था करें। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि गीता पूरे विश्व की धरोहर है, इसकी जन्म स्थली हरियाणा है। गीता एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक हिन्दू ग्रंथ है। गीता जीवन जीने का एक कला है, इसमें मनुष्य को कर्म करने का संदेश दिया गया है। इसलिए आम आदमी को गीता के इस संदेश को आत्मसात करना चाहिए और दूसरे लोगों को भी प्रेरणा देनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि गीता जयंती महोत्सव में सामाजिक व शिक्षण संस्थाओं का सहयोग लें और ज्यादा से ज्यादा लोगों व स्कूली बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम गीता महोत्सव से जुड़े होने चाहिए और उनकी गुणवत्ता बनाए रखें। ज्यादा से ज्यादा सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेकर सुंदर व मनमोहक शोभा यात्रा निकाली जाए। उन्होंने कहा कि महाभारत प्रसंग से जुड़े 48 कोस की परिधि में जिला के सभी तीर्थों पर गीता महोत्सव कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सहयोग से आयोजित करवाए जाएं।

# 'महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए ठोस कदम'

## आज महिलाएं हर क्षेत्र में दे रही है अपना विशेष, गांव डबरी में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**
**विकसित भारत** जनसंवाद संकल्प यात्राइ कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक 'आत्मनिर्भर और विकसितइ भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा।
गांव डबरी में नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता तथा गांव शाहपुर में भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवादइ कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि नागरिकों से सीधा संवाद किया। गांव डबरी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि संजय बठला ने विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्र-इ कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। नागरिकों ने शपथ ली कि 'भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि आम आदमी सुचारू रूप से जिंदगी जिए और सरकार की जनकल्याणिकारी नीतियों एवं योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिले। उन्होंने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला



कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो, इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए है। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में एक लाख 80 हजार रुपये से कम आय वाले परिवार की बेटी को कॉलेजों में मुफत शिक्षा दी जाएगी ह। ऐसे गरीब परिवार जिन के घर में कोई नौकरी नहीं है उसे 5 अंक अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों की संख्या में महिला महिलाएं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का गुजारा कर रही है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र से जोडकर पात्र लाभार्थियों को घर बैठे ही उनकी पैंशन लगाई जा रही है। इसी प्रकार कौशल रोजगार निगम के माध्यम से जिन बीपीएल परिवारों की वार्षिक आमदनी एक लाख 80 हजार रुपए से कम है उन परिवारों के उम्मीदवारों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जा रही है।
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अच्छी एवं नेक सोच के चलते महिलाओं को पंचायती राज चुनावों में 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी प्रदान की है। पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों के सहयोग से उनका समाधान करवाया और कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीड बैक भी लिया जा रहा है। उसके आधार पर यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोई कमी रह गई है तो उसे दूर किया जाएगा।

**नरेन्द्र मोदी और मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे मिल रहा है सरकार की योजनाओं का लाभ : योगेन्द्र राणा**
विकसित भारत संकल्प यात्रा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में गांव शाहपुर में पहुंचे भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से व्यवस्था परिवर्तन का दौर देश व प्रदेश में चला है उसी का परिणाम है कि समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

# सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया दम

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में जूनियर कक्षाओं के बच्चों की इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया । सामान्य ज्ञान क्विज में जगुआर हाउस की टीम ने पहला, पैंथर हाउस हाउस की टीम ने दूसरा व लेपर्ड हाउस की टीम ने तीसरा स्थान पाया। जगुआर हाउस के बच्चों ने सर्वाधिक सवालों का सही जवाब देकर अपनी टीम को जीत दिलवाई । इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने दीप प्रज्वलित कर इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा कि क्विज प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से बच्चों में बौद्धिक क्षमता का विकास होता है । उनमें विषयों को समझकर पढ़ने की प्रवृति विकसित होती है। अपने आसपास व देश-विदेश की गतिविधियों में भी बच्चों की अभिरुचि बढ़ती है । उनके मानसिक स्तर में वृद्धि होती है। इसी सोच के तहत विद्यालय में विभिन्न विषयों पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त हो सके। सीईओ संजय जैन ने कहा कि सामान्य ज्ञान बच्चों के आत्मविश्वास के स्तर को बढ़ाने में भी मदद करता है ।आईएएस, आईपीएस आदि सहित विभिन्न उच्च पदों के लिए होने वाले सिविल सेवा परीक्षाओं का एक बड़ा हिस्सा सामान्य ज्ञान के प्रश्नों के लिए समर्पित है । ऐसे में सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से छात्र-छात्राओं को अपने ज्ञान को परखने, ज्ञान बढ़ाने और प्रतिभा प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने बताया कि इंटर हाउस सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता में जगुआर हाउस की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान पाया।

### विस्तार कार्यक्रम की सफलता हेतू निगरानी एवं मूल्यांकन जरूरीः डा. रमेश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। चौधरी** चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में आज शिवस्तार कार्यक्रम की निगरानी एवं मूल्यांकन विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।
इस अवसर पर डा. रमेश कुमार गोयल, निदेशक रिसर्च, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विस्तार कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न जानकारियों को किसानों तक पंहुचाया जाता है ताकि कृषक ज्यादा बेहतर तरिके से खेती कर सकें।

# 28 पदक और 11 विद्यार्थियों ने मैरिट में स्थान प्राप्त किया

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**ए** पी गर्ग स्कूल खरखौदा के निर्दशेक मोहनलाल गुप्ता ने सभी विजेताओ को बधाई देते हुए बताया कि आकाश इंसिस्ट्यूट की तरफ से 11 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। जिसमें देश-भर से लाखों विधार्थियों ने भाग लिया। वही उनके स्कूल के 5वीं से 10वीं और 11वीं व 12वीं साइंस कक्षाओं के 153 विधार्थियों ने ऑफ लाइन परीक्षा दी। जिसमें उनके स्कूल के छात्रों द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 28 पदक और 11 विद्यार्थियों ने मैरिट सर्टिफिकेट प्राप्त किया। वही गोल्ड मैडल विजेताओं में



हर्षिता, जानवी, भूमिका, दिशांत, लव, प्रियांशु, ऋतिक, अमन सहित 8 बच्चों ने पदक प्राप्त किए। वही सिल्वर मैडल विजेताओं में सक्षम, वंशिका, सर्वेश, कुनाल, अक्षिता, पूजा, ईति, इशांत भारती व उदय रहे। इसके अलावा ब्रोंज पदक विजेताओं में नितिन, दीपिका, शिवानी, शुभम, हर्ष, नूर, चिराग, पलक,, मुस्कान, व दिव्या रहे और 11 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में मैरिट स्थान प्राप्त किया है जिनमें वंश, आरुष, नितिजा, परी, नियति, प्रतिभा, वंशिका, तन्मय, मुस्कान, वंश, मांशी रहे। आपको बता दे कि आकाश इंस्टिट्यूट के क्षेत्रीय प्रबंधक परवीन कुमार ने बताया कि आकाश द्वारा प्रतिवर्ष की भांति मेडिकल और इंजीनियरिंग के लक्ष्य को प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल टैलेंट हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता हैं।
इस प्रतियोगिता में ए पी गर्ग पब्लिक स्कूल खरखौदा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। सभी विजेताओं को बधाई दी।

# सुभाष स्टेडियम में होगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव: डॉ अनमोल

## गीता यज्ञ व पूजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी, दीपोत्सव तथा नगर शोभायात्रा का होगा आयोजन

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**गीता** के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पिछली बार की भांति ही इस बार भी स्थानीय सुभाष स्टेडियम सोनीपत के मैदान में 22 से 23 दिसंबर तक अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी (ना०) खरखौदा डॉ अनमोल ने गीता जयंती महोत्सव को लेकर की गई तैयारियों बारे लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में जिला के विभिन्न अधिकारियों बैठक ली तथा इस



कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम गन्नौर निर्मल नागर, सीटीएम पूजा कुमारी सहित उपस्थित रही।
उपमंडल अधिकारी (ना०) खरखौदा डॉ अनमोल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर पहले ही सम्बन्धित अधिकारियों की डयूटी एवं जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में दो दिवसीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। गीता पर आधारित सेमिनार, गीता यज्ञ, गीता पूजन, दीपोत्सव तथा नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यक्रमों में जिला की धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की मुख्य भूमिका रहेंगी। उन्होंने कहा कि महाभारत में कुरुक्षेत्र की धरा पर भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए उपदेश आज के युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। हरियाणा सरकार के प्रयासों से आज गीता का प्रचार प्रसार पूरी दुनिया में हो रहा है। विश्व के कई देशों में इस महान ग्रंथ को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को कहा कि वे दोनो दिन इन कार्यक्रमों में अपने परिवार के साथ स्वंय उपस्थित रहें ताकि कार्यक्रम की भव्यता और शोभा को और बढ़ाया जा सके।

### विभिन्न गांव पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। विकसित भारत** संकल्प के तहत असंध खण्ड के गांव अलावला, बम्बरेडी व अच्छनपुर गांव में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। अच्छनपुर गांव में रुकसाना गांव के लोगों ने भी यात्रा में भाग लिया। इस दौरान सभी गांवों में ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया।
इस अवसर पर सभी गांवों में जिला प्रशासन द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर ही भारत को विकसित कर सकते हैं।
इस दिशा में हमें जोरदार प्रयास करने होंगे। इसमें सभी ग्रामीण सहयोग देंगे तभी यह संभव होगा। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका फूल गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया।
विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रति ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। स्कूली बच्चों व ग्रामीणों ने मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी का स्वागत किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन एलईडी के माध्यम से सुना।
विभिन्न विभागों द्वारा स्कूल परिसर में स्टॉल लगाए गए थे जिन पर जाकर ग्रामीण सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ले रहे थे। कार्यक्रम में योगेन्द्र राणा ने कहा कि देश की बड़ी आबादी गांव में रहती है मोदी सरकार का सपना है कि गांव में किसी भी तरह की समस्या ना रहे तभी भारत विकसित होगा। उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर सरकारी अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं व मौके पर उनका निदान कर रहे है।

### शिक्षा अधिकारी ने शहीद शेर सिंह राजकीय विद्यालय में पीटीएम का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़**
**बहादुरगढ़ की** खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नी देवी ने शहीद शेर सिंह राजकीय उच्च विद्यालय एवं राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में आयोजित मेगा पीटीएम का निरीक्षण किया । प्राथमिक पाठशाला में मेगा पीटीएम के साथ एफएलएन कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा छात्रों की कॉपियां चेक की गई। इसके अलावा उन्होंने अध्यापकों की डायरी देखने के साथ UDISE का रिकार्ड एवं छात्र संख्या का अवलोकन किया। राजकीय उच्च विद्यालय में अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने एवं शिक्षकों से बच्चों के मानसिक शारीरिक तथा बोधिक क्षमता कि जानकारी लेने के लिए मिलते रहने कि अपील की।

# चरण सिंह राठी बने इनेलो खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

**सिद्धार्थ राव/बहादुरगढ़। इंडियन नेशनल** लोकदल खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष कोच चरण सिंह राठी को बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने इनेलो सुप्रीमो चौ. ओमप्रकाश चौटाला, प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी व खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष सूबे सिंह का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वह अपनी जिम्मेवारी का पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निवर्हन करेंगे। इनेलो कार्यालय में पहुंचकर उन्होंने इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी का



आभार जताया।
उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल ने सर्व प्रथम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल करने वाले खिलाडियों के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की और काफी खिलाडियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनेलो पार्टी खिलाडियों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाती आई है और भविष्य में भी इनेलो की सरकार आने के बाद खिलाडियों की सुविधा के लिए अनेक योजनाएं व खेल नीतियां बनाई जाएंगी।
इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने कहा कि इनेलो ने सदैव खिलाडियों का पूरा मान सम्मान किया है और खिलाडियों को किसी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए लगातार खिलाडियों को सुविधाएं देकर प्रोत्साहित किया है। इनेलो सरकार आने के बाद भी खिलाडियों को सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में नगर निगम के हैं 6 रैन बसेरे: अभिषेक मीणा

## बेघर व्यक्ति कर सकते हैं रात्रि विश्राम, रैन बसेरों में कम्बल, गद्दे, हीटर, बिजली-पानी व शौचालय जैसी सुविधाएं हैं उपलब्ध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**
**नगर** निगम की ओर से शहर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बनाए गए रैन बसेरे बेघर लोगों को आश्रय देकर उन्हें कडकती ठंड से बचा रहे हैं। इनमें एक स्थाई और 5 अस्थाई रैन बसेरे हैं, जिनमें बेसहारा व्यक्ति रात गुजारते हैं। रैन बसेरों में गर्म कम्बल, गद्दे, हीटर, पीने का पानी, शौचालय और बिजली जैसी सुविधाएं दी गई है। सभी रैन बसेरे अच्छी कंडीशन में रहें, इसके लिए चौकीदार की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनकी साफ-सफाई के लिए एक-एक सफाई कर्मी की ड्यूटी भी लगाई गई है। नगर निगम



आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि कुछ लोग ऐसे हैं, जो शहर में यहां-वहां रात गुजारते हैं, अर्थात इनके पास अपना कोई घर नहीं है, लेकिन सर्दी में खुले में रात गुजारना दुष्कर है। इसे लेकर नगर निगम की ओर से रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। इनमें से एक शहर के प्रेम नगर में स्थाई रैन बसेरा हैं, जिसमें करीब 80 व्यक्तियों के ठहरने का इंतजाम है।
दूसरी ओर 5 अस्थाई रैन बसेरे भी अलग-अलग जगहों पर दिए गए हैं, इनमें 4 छोटे और 1 बड़ा है। बीस व्यक्तियों की क्षमता का बड़ा अस्थाई रैन बसेरा सैक्टर-12 स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के समीप है, जबकि छोटे रैन बसेरे, कल्पना चावला राजकीय मैडिकल कॉलेज के पास, रेलवे स्टेशन, पुराने बस स्टैण्ड के पीछे टैक्सी स्टैण्ड में और मेरठ रोड चौक पर रखे गए हैं, प्रत्येक में 10 व्यक्तियों के रात गुजारने की क्षमता है। उन्होंने बताया कि अस्थाई रैन बसेरों में विश्राम करने का समय सांय 6 से प्रातः 6 बजे तक है, जबकि प्रेम नगर स्थित स्थाई रैन बसेरा पूरा दिन खुला रहता है। उन्होंने बताया कि बेघर व्यक्ति खुले में या फ्लाईओवर इत्यादि के नीचे न सोए, इनकी निगरानी के लिए नगरीय परियोजना अधिकारी प्रवीन चुग के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। यह टीम गाड़ी लेकर रात को शहर में घूमती है। इस दौरान बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन या फिर फ्लाई ओवर, कहीं भी कोई बेघर व्यक्ति दिखाई दे तो, उसे रैन बसेरो में रात गुजारने के लिए कहा जाता है। अगर कोई व्यक्ति जाने में असमर्थ हो तो उसे नजदीकी रैन बसेरे में छोडकर भी आते हैं। इस कार्य के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम काम में लगी है। रैन बसेरो में जो व्यक्ति रात गुजारने के लिए जाते हैं।

# गुल्लरपुर और गोंदर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**
**आज 16वें** दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला के गांव गुल्लरपुर और गोंदर पहुंची। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने इस मौके पर ग्रामीणों से अपील की कि वे बच्चों को नशाखोरी से हटाकर शिक्षा व खेलों के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। युवा पीढ़ी को इससे बचाना जरूरी है। खिलाडि?ों के लिए सरकार ने अनेक सुविधाएं मुहैया कराई हैं। गांव में स्टेडियम और व्यायामशालाएं स्थापित की गई हैं। बीपीएल परिवारों की छात्राओं के लिए सरकारी व प्राइवेट कालेज में मुफ्त उच्च शिक्षा का प्रबंध किया गया है। गोंदर में विधायक धर्मपाल गुप्ता ने कहा कि नीलोखडेड़ी हलके में सर्वाधिक विकास कार्य कराये गये हैं। गुल्लरपुर पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि सुरेश कुमार और गोंदर में मोहन शर्मा ने पूर्व विधायक का स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। हरियाणा के विकास पर बनी लघु फिल्म दिखाई गई। दोनों गांवों में अमरनाथ सौदा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने इससे पूर्व स्टॉल्स का अवलोकन किया। पूर्व विधायक ने इस मौके पर सरकार की आयुष्मान भारत चिरायु योजना, निरोगी हरियाणा योजना, उज्ज्वला योजना, सामाजिक सुरक्षा योजना आदि के बारे में जानकारी दी तथा यात्रा के उद्देश्यों से अवगत कराया।
उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के विकास की कुंजी है। अभिभावकों को उन्होंने बच्चों की शिक्षा की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए। सरकार ने प्रदेश में 77 नए सरकारी कॉलेज खोले हैं जिनमें से 2 महिलाओं के लिए है। प्रदेश में ष्बिना पर्ची.बिना खर्चीष के योग्यता के आधार पर 1ण्10 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है तथा 60 हजार और नौकरियां शीघ्र दी जाएंगी। इसी प्रकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत प्रदेश के लगभग 20 लाख माध्यम में छोटे किसानों के खेतों में 5 हजार करोड़ रुपए की राशि जमा कराई गई है।

# क्या मध्य प्रदेश के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव योगी के पदचिन्हों पर चलेंगे?

अशोक भाटिया

"मोहन यादव ने बीते दिन ही मध्यप्रदेश के 19वे मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली और एक दिन बाद ही मुख्यमंत्री मोहन यादव एक्शन में आ गए और भाजपा कार्यकर्ता पर ये जानलेवा हमला करने वाले आरोपी फारुखी राईन के घर पर बुलडोजर चलवा दिया। आरोपी का निवास अतिक्रमण कर तैयार किया गया था और उसने नगर निगम के नियमों का उल्लंघन कर ये घर तैयार कराया था। आरोपी फारुखी राइन का घर भोपाल के 11 नंबर स्थित जनता कॉलोनी में बना था । वहां पर बुलडोजर के जरिए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई चली"

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कार्यभार संभालते ही अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिए हैं। पहले धार्मिक स्थलों पर लाउड स्पीकर और खुले में मांस की बिक्री पर बैन लगाकर और अब भाजपा कार्यकर्ता पर हमला करने वाले आरोपी के घर बुलडोजर चलाकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संकेत दे दिए हैं। मोहन यादव कहीं न कहीं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पदचिन्हों पर चलते दिख रहे हैं। राजधानी भोपाल में आरोपी फारूक राइन के घर पर ये बुलडोजर चलाया गया है। मोहन यादव ने बीते दिन ही मध्यप्रदेश के 19वे मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली और एक दिन बाद ही मुख्यमंत्री मोहन यादव एक्शन में आ गए और भाजपा कार्यकर्ता पर ये जानलेवा हमला करने वाले आरोपी फारुखी राईन के घर पर बुलडोजर चलवा दिया। आरोपी का निवास अतिक्रमण कर तैयार किया गया था और उसने नगर निगम के नियमों का उल्लंघन कर ये घर तैयार कराया था। आरोपी फारुखी राइन का घर भोपाल के 11 नंबर स्थित जनता कॉलोनी में बना था । वहां पर बुलडोजर के जरिए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई चली । मुख्यमंत्री मोहन यादव इस कार्रवाई के जरिए संदेश दे रहे हैं कि अब राजधानी भोपाल हो या मध्यप्रदेश का कोई अन्य शहर गुंडागर्दी नहीं चलेगी। इसी के साथ मीट की गैरकानूनी दुकानों या खुले में मीट या अंडे बेचने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसके खिलाफ नई सरकार ह्यकड़ा कैंपेनह्व चला रही है। ह्वआदेश के मुताबिक बिना अनुमति के मांस-मछली की बिक्री नहीं की जा सकेगी।नगझर क्षेत्र में खुले में मांस बेचने वाली 10 दुकानों पर कार्रवाई की गई है व उन्हें तोड़ भी दिया गया है । मोहन यादव जिस तरह से फैसले ले रहे हैं, उसे लेकर लोग उन पर कट्?टर हिंदुत्ववादी एजेंडे पर चलने का अंदेशा जता रहे हैं। लोग मुख्यमंत्री मोहन यादव के हर एक फैसले को उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रभावित होना बता रहे हैं। इस बात का एक उदाहरण यह भी है कि बुधवार को जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, उसके बाद सबसे पहले सीधे उज्जैन पहुंचे और बाबा महाकाल के



दरबार में विधिवत पूजा-अर्चना की। बाद में मुख्यमंत्री यादव वापस भोपाल लौटे और सचिवालय में अपने दफ्तर में प्रवेश से पहले पूजा की। उसके बाद कैबिनेट की बैठक में कई बड़े फैसले लेकर अपने इरादे भी साफ कर दिए हैं। मोहन यादव ने कैबिनेट की पहली बैठक में ही सनातन की तरफ आगे बढ़ने के संकेत दे दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय में काम संभालने के तत्काल बाद उन्होंने धार्मिक स्थलों तथा अन्य स्थलों में अनियमित अथवा अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किया। सरकारी दिशा-निर्देश के मुताबिक, लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियम विरुद्ध तेज आवाज में बिना अनुमति के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। राज्य शासन द्वारा प्रदूषण तथा लाउडस्पीकर आदि के अवैधानिक उपयोग की जांच के लिए सभी जिलों में उड़न दस्तों के गठन का निर्णय लिया गया है। बता दें कि उड़नदस्ते धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों में अचानक निरीक्षण करेंगे। दिशा-निर्देश के मुताबिक, नियमों के उल्लंघन की स्थिति में उड़नदस्ते अधिकतम तीन दिवस में समुचित जांच कर प्रतिवेदन संबंधित प्राधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, धर्मगुरुओं से संवाद व समन्वय के आधार पर लाउडस्पीकरों को हटाने की कोशिश की जाएगी। साथ ही ऐसे धार्मिक स्थलों की सूची तैयार की जाएगी, जहां पर सरकारी नियमों की अवहेलना हो रही है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश में ये फैसले पहले ही लागू कर चुके हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री मोहन द्वारा लिए गए फैसलों में एक निर्णय उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या में जाने वाले श्रद्धालुओं को लेकर भी था। मध्य प्रदेश सरकार राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत करेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राजधानी भोपाल में यह घोषणा की ।अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर योगी सरकार जमकर तैयारियां कर रही है। अगले महीने यानी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या स्थित राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देशभर की शख्सियतें पहुंचेंगी। कई श्रद्धालू भी इस अवसर पर अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि इस अवसर पर मध्य प्रदेश से कई श्रद्धालु अयोध्या आएंगे और वहां जाने वाले श्रद्धालुओं का माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। बता दें कि मोहन यादव को 41 वर्ष की मेहनत के बाद मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला है। मोहन यादव 2013 में पहली बार विधायक बनें। इस बाद साल 2018 में एक बार फिर भाजपा ने उनपर भरोसा जताया और उन्होंने इस भरोसे को सही साबित करते हुए एक बार फिर से जीत हासिल की। उज्जैन दक्षिण से विधायक रहे मोहन यादव को साल 2020 में भी मंत्री पद मिला। मोहन यादव एक ऐसे नेता हैं जिनकी गिनती मध्य प्रदेश के अमीर नेताओं में की जाती है। इसके आलावा जहां तक अवैध मदरसे बंद करने की बात है तो यह संघ और भाजपा का एजेंडा है। सरकार इन्हें हर हाल में बंद करके रहेगी, क्योंकि भाजपा जानती है कि मुस्लिम समाज का वोट उन्हें नहीं मिलने वाला है। इसलिए अपने कोर वोट बैंक को एकजुट रखने के लिए वह इस तरह की कार्रवाई समय समय पर करती रहेगी। ताकि उसका वोटबैंक एकजुट रहे। 2018 के चुनाव में जो भटकाव आया था और कांग्रेस पार्टी को जो बढ़त हासिल हुई थी। वह 2023 के चुनाव में नहीं मिले। उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार आने के बाद राज्य में मदरसों को लेकर सख्त फैसले लिए गए थे। जिसके चलते फर्जी और अवैध रूप से चलने वाले मदरसों को बंद करने की कार्रवाई भी शामिल थी। अब मध्य प्रदेश सरकार राज्य में गलत तरीके या अवैध रूप से चलने वाले मदरसों पर कार्रवाई शुरू करने कर सकती है। बताया जाता है कि सरकार है जो मदरसे नियमों से हिसाब से ठीक नहीं हैं। उन्हें बंद करवा सकती है । प्रदेश के कई ऐसे मदरसे हैं जो सिर्फ कागजों पर चल रहे हैं। साथ ही कुछ ऐसे भी हैं जिनमें एक कमरे में टेबल और बोर्ड लगाकर संचालन किया जा रहा है। सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त और कागजों पर चलने वाले फर्जी मदरसों को जल्द बंद कराने का मन बना लिया है और इसमें दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई भी हो सकती है ।

एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में अभी लगभग 7700 से ज्यादा रजिस्टर्ड मदरसे हैं, लेकिन बाल आयोग द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद दर्जनों मदरसे ऐसे थे। जहां नियमों का उल्लंघन किया जा रहा था। कई मदरसे नियम के मुताबिक संचालित होते हुए नहीं पाए गए। मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड के अधीन मदरसों की संख्या हजारों में है और इसके साथ ही सरकार द्वारा मदरसों में शिक्षकों को नियुक्ति के आधार पर अनुदान राशि मिलने का भी प्रावधान है। कांग्रेस का कहना है कि मदरसे अवैध नहीं हैं।

## संपादकीय

### चौंकाती है मोदी की गारंटी वाली ये 'नई' भाजपा

"**विधानसभा** चुनाव के बाद तीनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों के नाम ने सबको चौंका दिया। अनुमान लगाने वालों के सारे कयास भी गलत निकले और दावेदारों के हाथ कुछ नहीं लगा। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में जिन्हें संभावित मुख्यमंत्री समझा जा रहा था, वे सब हाशिए पर चले गए। भाजपा हाईकमान ने इसके पीछे क्या सोचा, ये तो समझ नहीं आया। लेकिन, निश्चित रूप से उनका आइडिया उन नेताओं को हैसियत दिखाना होगा जो अपने आपको स्वयं-भू समझने लगे हैं। भाजपा की राजनीति में ये तीन उदाहरण भविष्य के लिए सबक भी हैं।" तीनों हिंदी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से अपने अनजान चेहरों को मुख्यमंत्री बनाया, उससे तो यह साबित हो गया कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली "नई" भारतीय जनता पार्टी है। अब अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुषमा स्वराज, अरुण जेटली जैसे सॉफ्ट हिंदुत्व वाले नेतृत्व का दौर गुजर चुका है। अब नए जमाने की भाजपा जनता के बीच है और इसे देखकर अनुमान लगाया जा सकता है कि वरिष्ठता की सीमा रेखा लांघना कितना घातक हो सकता है। अपने इस नए दौर में चाल, चरित्र चेहरे और अनुशासन के लिए जाने जाने वाली यह पार्टी अपने गुमनाम कार्यकताओं और नेताओं को सिर्फ मैदान में उतारती ही नहीं, उन्हें पद देकर पुरस्कार भी देती है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्यप्रदेश में डॉ. मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा इसके सटीक उदाहरण है। इससे पहले योगी आदित्य नाथ, डॉ.हेमंत विश्वाशर्मा और पुष्कर धामी भी ऐसे ही नाम थे, जो भाजपा के उस दौर में अनजान थे,आज पार्टी की खास पहचान बन चुके हैं। तीनों हिंदी राज्यों में हाल में ही जो चुनाव लड़े गए। वहां भाजपा ने किसी भी नेता को मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को सामने रखकर चुनाव लड़ा और भाजपा को प्रचंड बहुमत भी मिला। भाजपा के अपनाए गए इस नए प्रयोग में असफलता की भी संभावना थी, लेकिन नरेंद्र मोदी ने इस संभावना को भी शून्य में परिवर्तित करने के लिए केंद्र से प्रदेश के उन नेताओं को भी राज्यों में जनता के बीच भेज दिया जिनकी महत्वाकांक्षा राज्यों से जुड़ी थी। नतीजा सामने था,सबकी भागीदारी के बावजूद कोई भी व्यक्तिगत रूप से यह कहने की स्थिति में नहीं था, कि इस प्रचंड जीत में मेरा किरदार अहम रहा। जब इन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनने की बात आई, तो प्रचंड बहुमत पाने वाली भारतीय जनता पार्टी को बगावत का कोई डर नहीं था। 18 साल से मुख्यमंत्री पद संभाल रहे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ भाजपा का पर्याय बन चुके डॉ. रमन सिंह और राजस्थान में वसुंधरा राजे जैसा कोई कद्दावर नेता नहीं होने के बावजूद उन्हें सत्ता से बाहर करने का जो साहस किया, वह केवल मोदी की गारंटी और नई भाजपा में ही संभव था।

यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि यह भारतीय जनता पार्टी का मोदी युग है। इस बहाने पार्टी अपने नेताओं की दूसरी पंक्ति भी तैयार कर रही है। इस बार पहली पंक्ति के तमाम नेता या तो किनारे कर दिए गए या नेपथ्य में धकेले जा रहे हैं। राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी के अलावा और कोई नेता राष्ट्रीय स्तर पर याद भी आ जाए तो सोचिए। पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन जैसे कुछ और नाम भी होंगे मगर सब नेपथ्य में होंगे।

## कविता

लगे दामन पर धब्बों को धोने
की बात कर रहे

चन्द लोग घड़ियालों से रोने की बात
कर रहे

रात धूप में नहा रही, नींद कहां आंखें
चौंधीं

फिर भी हमसे भाई सब सोने की
बात कर रहे

सपनों की तिजारत में लगे ठगहारे
कदम-कदम

यार लोग हमसे यकीन बोने की बात
कर रहे

हर मुंह पर लगे ताले दिख रहे
आजकल शहर में

कुछ हैं कि यहां शोर बेहद होने की
बात कर रहे

क्या हासिल हुआ है चलकर पूछें उन
लड़ाकों से

सभी जिनकी बहुत जानें खोने की
बात कर रहे

डॉ एम डी सिंह

## बहुभाषी कक्षा में प्रभावी ढंग से अंग्रेजी कैसे पढ़ाएं

विजय गर्ग

**शैक्षणिक** निकाय स्थानीय भाषाओं में द्विभाषी शब्दकोश, पाठ्यपुस्तकें और भाषा पुस्तिकाएं बनाकर शिक्षकों का समर्थन कर सकते हैं। भारत एक समृद्ध इतिहास और बहुभाषी आबादी के साथ विशाल सांस्कृतिक और भाषाई विविधता की भूमि है। यह विभिन्न भाषाओं, जीवनशैली, रीति-रिवाजों और परंपराओं का मिश्रण है। और इसलिए, भारत में, अधिकांश कक्षाएँ बहुभाषी हैं, और छात्रों को अक्सर उनकी पहली भाषा के बजाय एक सामान्य भाषा में पढ़ाया जाता है। छात्रों के लिए स्कूल में पढ़ाई जाने वाली भाषा के अलावा एक स्थानीय या घरेलू भाषा जानना भी आम बात है। अंग्रेजी के ज्ञान और अपने बहुभाषी कौशल के साथ, छात्र औपचारिक स्थितियों के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन में भाषा बाधाओं के पार संवाद कर सकते हैं। इसके अलावा, स्थानीय संस्कृतियों, इतिहास और संदर्भों के बारे में छात्रों की जागरूकता, उन्हें अधिक प्रभावी संचारक बनाने की संभावना है। शिक्षक तेजी से यह महसूस कर रहे हैं कि स्कूल के वातावरण में भाषाई विविधता का जश्न मनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। कक्षा में अंग्रेजी पढ़ाते समय बहुभाषी दृष्टिकोण का उपयोग करने से शिक्षकों को इस अवसर का लाभ उठाने और अधिक सार्थक शिक्षण सुनिश्चित करने में मदद मिल सकती है। शिक्षकों का कौशल उन्नयन राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 'बहुभाषावाद और भाषा की शक्ति' पर प्रकाश डालती है जिसमें कहा गया है कि सभी भाषाओं को सभी छात्रों को उच्च गुणवत्ता के साथ पढ़ाया जाएगा। सीखने को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, छात्रों को अपने दैनिक संचार में भाषा को सुनने और उपयोग करने के लिए उपयुक्त भाषा सीखने के संसाधनों के अवसरों तक पहुंच की आवश्यकता होती है, और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी प्रगति पर समय पर प्रतिक्रिया प्राप्त होती है। परिणामस्वरूप, एक सहायक वातावरण बनाने की जिम्मेदारी शिक्षकों पर आ जाती है, जिससे शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण कौशल से लैस होने की आवश्यकता होती है। एनईपी इस बात पर भी जोर देती है कि शिक्षक उन छात्रों के साथ द्विभाषी शिक्षण-शिक्षण सामग्री सहित द्विभाषी दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं, जिनकी घरेलू भाषा शिक्षा के माध्यम से भिन्न हो सकती है। कक्षा में परिवर्तन को सक्षम करने के लिए मजबूत शिक्षक व्यावसायिक विकास महत्वपूर्ण है। भाषा शिक्षा में शिक्षकों को शिक्षण की नई और नवोन्वेषी पद्धतियों से सुसज्जित करना महत्वपूर्ण है। हालाँकि, यह इस बात से संबंधित हो सकता है कि शिक्षक भाषा को कितनी अच्छी तरह जानते हैं और क्या वे इसे प्रभावी ढंग से पढ़ा सकते हैं। महामारी के परिणामस्वरूप, शिक्षकों को अब अधिक विशिष्ट व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया है, जिसमें विशाल कक्षाओं का प्रबंधन, ऑनलाइन या दूरस्थ रूप से पढ़ाना और योग्यता-आधारित मूल्यांकन करना शामिल है।

## विचार

### मिट्टी प्रदूषण एक बड़ी तबाही का कारण बन सकता है

विजय गर्ग

(**मिट्टी प्रदूषण** के पारिस्थितिक प्रभाव में काफी अधिक लागत आती है) यदि मृदा प्रदूषण की जाँच नहीं की गई, तो पर्यावरण को नुकसान होगा और जीवन, जैसा कि हम जानते हैं, रुक सकता है मिट्टी और पानी हमारे ग्रह पर मनुष्यों सहित जीवन को बनाए रखने वाले आवश्यक घटक हैं। मिट्टी वह माध्यम है जिस पर सभी प्रकार के जीवों का भरण-पोषण होता है। हमारे साथ विकसित हुए हर धर्म ने मिट्टी के महत्व पर प्रकाश डाला है। वैदिक सभ्यता में मिट्टी को धरती माता के समान सर्वोच्च सम्मान दिया जाता था। अथर्ववेद में पृथ्वी, पृथ्वी से प्रार्थना की गई हैः "हे पृथ्वी, जो कुछ मैं तुमसे खोदता हूं, वह एक बार फिर तीव्र गति से अंकुरित और विकसित हो।" वनस्पति, वृक्षों, जानवरों और मिट्टी का सम्मान केवल भारत के लिए है। नतीजतन, यह कठोर रसायनों और कीटनाशकों के उपयोग को हतोत्साहित करता है, क्योंकि वे अनजाने में मिट्टी के अंदर लाभकारी पोषक तत्वों और जीवित सूक्ष्मजीवों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पृथ्वी जैव विविधता से भरपूर है और सभी जीवित जीवों का आधार है। पृथ्वी वह जगह है जहाँ पौधे, पेड़, जानवर और यहाँ तक कि मिट्टी भी पूजनीय है। दुर्भाग्य से, वर्तमान पीढ़ी हमारी प्रजाति की जीवनरेखा को अधिक नुकसान पहुंचा रही है। हमने विकास और संन्यास पर ध्यान देकर मिट्टी को काफी नुकसान पहुंचाया है। उपजाऊ कृषि भूमि विदेशी पौधों वाले फ्लैटों और बगीचों का मार्ग प्रशस्त करती है। मिट्टी कृषि के लिए एक मूलभूत संसाधन है, जो आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करती है और पौधों के विकास के लिए एक माध्यम है। कटाव, ऊपरी मिट्टी की हानि और क्षरण से मिट्टी की उर्वरता काफी कम हो सकती है, जिससे फसल की पैदावार में कमी आ सकती है। पौधों के स्वास्थ्य और उत्पादकता के लिए मिट्टी में पोषक तत्वों का चक्रण महत्वपूर्ण है। मिट्टी बैक्टीरिया, कवक और प्रोटोजोआ सहित विभिन्न सूक्ष्मजीवों का घर है। दुर्भाग्य से, ये रोगाणु रासायनिक उर्वरकों, खरपतवारनाशकों और कीटनाशकों द्वारा नष्ट हो जाते हैं। मिट्टी और पानी का स्वास्थ्य आपस में जुड़ा हुआ है। मानवजनित गतिविधियों से उत्पन्न प्रदूषण अंततः पानी के माध्यम से मिट्टी तक पहुँच जाता है। हम मिट्टी को हल्के में लेते हैं। हम मिट्टी में ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक और जहरीले रसायनों का निपटान करते हैं। हम इसकी समृद्ध जैव विविधता की चिंता किए बिना अपने ठोस कचरे को इसकी सतह पर जला देते हैं। मृदा प्रदूषण के पारिस्थितिक प्रभाव में काफी अधिक लागत आती है। कृषि कार्यों के लिए दूषित मिट्टी का उपयोग करने से बचना जरूरी है, क्योंकि रसायन फसलों में प्रवेश कर सकते हैं और उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। फसल की खेती के लिए प्रदूषित मिट्टी का उपयोग करने से आम तौर पर असंदूषित मिट्टी की तुलना में कम पैदावार होती है, जिससे पौधों के आवरण की कमी के कारण अतिरिक्त क्षरण होता है, जिससे विषाक्त पदार्थ पहले से असंदूषित क्षेत्रों में स्थानांतरित हो जाते हैं। पारिस्थितिक तंत्र के दीर्घकालिक स्वास्थ्य, कृषि स्थिरता और मानव कल्याण के लिए मृदा प्रदूषण को संबोधित करना महत्वपूर्ण है। मृदा प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए सतत भूमि प्रबंधन प्रथाएं और प्रदूषण स्रोतों को कम करने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। स्वस्थ मिट्टी कार्बन सिंक के रूप में कार्य करती है, कार्बन को सोखती है और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करती है। "प्रकृति" शब्द का मूल अर्थ जन्म, जन्म और मूल जैसी धारणाओं से निकटता से जुड़ा हुआ है, जो दशार्ता है कि जो कुछ भी पैदा हुआ है और मरने के लिए नियत है वह आंतरिक रूप से प्राकृतिक है। इस परस्पर निर्भरता को समझना दशार्ता है कि प्रकृति और मानव जाति अविभाज्य हैं। इसलिए, प्रकृति के साथ हमारी बातचीत का हमारी भलाई पर सीधा प्रभाव पड़ता है। प्रकृति के साथ हमारा संबंध परस्पर निर्भरता पर आधारित है। यहयह तर्क दिया गया है कि कृषि उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि की मात्रा का विस्तार करने के लिए वर्षावनों और पर्णपाती वनों का निरंतर विनाश उचित है। इसी प्रकार विकास के नाम पर कृषि भूमि को व्यावसायिक क्षेत्र में तब्दील करना उचित है।



## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com




### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### उल्टा-पुल्टा

खरगोश शेर के पास पहुँचा। उसने देखा वनराज शेर महाराज भूख के मारे आग बबूला हुए जा रहे हैं। खरगोश को लगा यही मौका है चलो शेर को मजा चखाते हैं। उसने शेर से झूठ कह दिया कि उसे रास्ते में एक और शेर मिल गया। वह उसे खाना चाहता था। लेकिन उसने पहले शेर का हवाला देकर जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। शेर था तो पंचतंत्र का ही। खरगोश के साथ दूसरे शेर से मिलने से भला कैसे मना कर सकता था। शेर जंगल में उस कुएँ के पास पहुँचा जहाँ दूसरा शेर रहता था। खरगोश के कहने पर शेर ने कुएँ में झाँका। झाँकने पर उसे उसकी परछाई दिखायी दी। यह देखकर उसे गुस्सा नहीं आया। उसने अपने मन की बात कुएँ वाले शेर के सामने शुरू कर दी। उसने कहा झ्र क्या तुम कुएँ से बाहर निकलना चाहते हो? क्या तुम इस जंगल का राजा बनना चाहते हो? क्या तुम कुएँ में ही रहकर भोजन पाना चाहते हो? क्या तुम ताली-थाली पीटकर अपना भाग्य बदलना चाहते हो? क्या तुम पंद्रह लाख पाकर बाहर निकलने के लिए उपाय खोजना चाहते हो? क्या तुम कुएँ में रहकर मौत का कुआँ खेल खेलना चाहते हो? क्या इसके लिए गाड़ी के साथ-साथ महंगा पेट्रोल सस्ते दाम पर पाना चाहते हो? यह सब सुन कुएँ के भीतर वाला शेर कुएँ के बाहर वाले शेर की तरह स्वीकृति की मुद्रा में सिर हिलाने लगा। यह सब देख खरगोश का माथा ठनका। उसे लगा कि पंचतंत्र की घटना तो तंत्रपंच की घटना बन गयी। उसने शेर के सामने गिड़गिड़ाते हुए कहा झ्र माई-बाप मैंने कुएँ वाले शेर के बारे में आपसे झूठ कहा था। वह तो आपकी परछाई मात्र थी। आपको इतने बड़े-बड़े वादे नहीं करना चाहिए था। शेर ने कहा झ्र जानता हूँ। हाँ, जहाँ तक बात वादों की है, तो वे वादे नहीं जुमले हैं। आज दुनिया जुमले सुनने की आदी हो चुकी है। इसलिए जब काम जुमलों से हो जाता हो तो वादे पूरा करने का क्या फायदा। इतना कहते हुए शेर ने खरगोश पर एक बड़ा सा पंजा मारा। जीएसटी की भांति एक ही हमले में सारा हिसाब बराबर। खरगोश पेट में और डकार बाहर। पंचतंत्र के तंत्रपंच से यही शिक्षा मिलती है कि मैंने जिस शेर के बारे में आपको बताया है, वह आपके आस-पास ही घूम रहा है। हो सके तो खुद को खरगोश बनने से बचा लें।

## अब कौन पहुंचायेगा सरकारी संपत्ति को नुकसान

आर.के. सिन्हा

**जिस** बात का देश से प्रेम करने वाले हरेक नागरिक को विगत दशकों से इंतजार था, वह अब हो गई है। अब किसी आंदोलन के दौरान कथित आंदोलनकारी सरकारी या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा सकेंगे। यदि नुकसान पहुंचाया तो उन्हें सख्त सजा होगी। हमारे यहां सरकार से अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करने वाले आमतौर पर सरकारी बसों, इमारतों, रेलों और दूसरी सार्वजनिक सम्पतियों को बेशर्मी से तोड़ते रहे हैं। कहना न होगा आजाद भारत में इस कारण से सत्तर सालों में अरबों-खरबों रुपये का नुकसान हुआ। जिन्होंने नुकसान किया उन्हें किसी ने कुछ नहीं कहा। वे दशकों से मौज करते रहे। उनमें से कई बड़े नेता भी बन गए। पर अब आगे किसी ने सरकारी संपत्तियों को हानि पहुंचाई तो लेने के देने पड़ जाएंगे। इसलिए ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से पिछले मंगलवार को संसद में पेश भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023 के अपडेटेड वर्जन में आतंकवाद के कृत्यों से निपटने वाली धारा 113 में संशोधन किया गया है। इसमें ह्यआतंकवादी कृत्यह्व में देश की आर्थिक सुरक्षा और मौद्रिक स्थिरता पर हमले भी शामिल किये गये हैं। संसद की स्थायी समिति की ओर से सुझाए गए संशोधनों को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून सत्र में सदन में पेश किए गए भारतीय न्याय संहिता विधेयक, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को वापस लेने का प्रस्ताव रखा जिसे सदन ने मंजूरी दी। इसके बाद उन्होंने नए विधेयकों को पेश किया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक की धारा 113(1) में प्रावधान है कि अगर कोई व्यक्ति ऐसी मंशा या हरकत करता है, जिससे देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता को नुकसान या खतरा पैदा होता है, या आतंकी घटना की मंशा रखता हो, आतंकी हमले करता हो, इसके लिए बम, हथियार, केमिकल, बॉयोलॉजिकल हथियार और जहर आदि का इस्तेमाल करता हो, जिससे जान-माल का नुकसान हो तो ऐसे मामले में दोषी शख्स को उम्रकैद या फांसी की सजा तक हो सकती है।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली** थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित राहुल उर्फ ठाकुर निवासी सफियाबाद का है। जांच अधिकारी सिपाही सुधीर ने बताया कि गत 7 जुलाई को इंद्र सिंह ने शिकायत देकर बताया था कि उसने अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर खड़ा किया था। किसी ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में एक आरोपित को पहले काबू कर लिया था। उसके पास से चोरी की बाइक बरामद कर ली थी। वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत मे पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### स्कूल से सामान चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश किया

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** थाना पुलिस ने स्कूल से चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कप्तान उर्फ काला निवासी कीर्ति नगर कालूपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत मे पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
गांव कालूपुर स्थित राजकीय पाठशाला के हैडमास्टर पवन ने गत 12 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि किसी ने मिड-डे-मिल के कमरे का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। अपने स्तर पर तलाशी की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक जसबीर कुमार ने बताया कि चोरी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास से चोरी किए सिलेंडर को बरामद कर लिा है। आरोपित को अदालत मे पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### सर्द मौसम में होम्योपैथी हो सकती है बेहतर साथी

**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**मौसम सर्द** हो चला है। अब दिन में भी लोगों को गर्म वस्त्र पहनने पड रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। सर्दी, जुकाम, सिर दर्द, चर्म रोग जैसी बीमारियां इस मौसम में बढ जाती हैं। इन मौसमी बीमारियों के उपचार के लिए होम्योपैथी बहतर विकल्प हो सकती है। कलेक्ट्रेट स्थित जिला राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पर प्रतिदिन 60 से 70 मरीज दवा लेने पहुंच रहे हैं। यहां एक रुपए के पर्चे पर दवा मुफ्त दी जाती है। चूंकि सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है, सर्दी जुकाम में होम्योपैथिक दवाएं विशेष कारगर साबित होती है। चिकित्सालय प्रभारी डा. एमपी सिंह ने बताया कि वैसे तो हर पैथी की अपनी सीमा होती है लेकिन सर्दी जुकाम के मामलों में होम्योपैथिक दवा विशेष कारगर हैं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। इस मौसम में कॉमन कोल्ड की चपेट में बुजुर्ग और बच्चे आसानी से आ जाते हैं। सर्दी के समय बदहजमी और एसिडिटी की समस्या भी आम रहती है। खासकर यह बीमारी बुजुर्ग और बच्चों को अपने प्रभाव में जल्दी ले लेती है। कान बंधे रखें, एक दम से कपडे कम न करें, भारी खाने से बचें, कम से कम आधा घंटा प्रतिदिन व्यायाम करें, आधा घंटा धूप में बैठें, मौसम के फल और सब्जी खाएं। होम्योपैथिक दवा लेने से कई प्रकार की सर्जरी से भी बचा जा सकता है। किडनी की पथरी, पाइल्स, फिशर, चर्म रोगा आदि कॉमन हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि होम्योपैथिक दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। आज कल अनियमित दिनचर्या के चलते देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या भी बढ़ रही है। शुगर की बीमारी में इस पैथी का इलाज कारगर साबित हो रहा है।

### एमवीडीए ने दो अवैध कॉलोनियों में किया ध्वस्तीकरण



**मथुरा।**
**विकास** प्राधिकरण का अवैध कॉलोनियों के खिलाफ ध्वस्तीकरण अभियान जारी है।
एमवीडीए ने दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कराया। एमवीडीए के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कार्यवाही में दो कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया है। एक कॉलोनी में जैंत और एक कॉलोनी को चौमुहां में कुलदीप सिंह द्वारा वृंदा हाईवे ग्रीन्स के नाम से एक कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी काटने के लिए यहां एक दफ्तर बना लिया गया था, जिसे एमवीडीए ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। एमवीडीए का अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलता देख अवैध कॉलोनी विकसित करने में जुटे लोगों में खलबली मच गई। दूसरी ओर कुलदीप सिंह और दलजीत सिंह द्वारा चौमुहां में विकसित की जा रही कॉलोनी को भी ध्वस्त किया गया। कार्यवाही में मजिस्ट्रेट राजकुमार भास्कर, चौकी प्रभारी देवेन्द्र सिंह, जेई सर्वेश कुमार, एई अनिरुद्ध यादव आदि मौजूद रहे।

### राहगीर का मैन हॉल में फंसा पैर, सरिया काटकर निकाला



**मथुरा।**
**शहर के** प्रमुख घंटाघर चौराहे पर शुक्रवार को एक राहगीर किन्नर का पैर मैन हॉल के जाल में फंस गया।
घंटों मशक्कत के बाद भी जब उसका पैर जाल से नहीं निकला तो स्थानीय राहगीरों ने कटर से जाल को काटा और किन्नर का फंसा हुआ पैर निकाला। घटना में उसका पैर घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार दिलाया गया। घटनाक्रम के अनुसार तालाब शाही स्थित राठौर नगर निवासी सलमा किन्नर अपने साथियों के साथ पूर्वाहन लालाराम मार्ग की ओर से आ रही थी।
जब वे गली से घंटाघर चौराहे की ओर निकल रही थी तभी उसका पैर मैन हॉल पर रखे जाल पर पडा और उसमें फंस गया। मोटी सरिया से बने जाल से उसके पैर नहीं निकल सका। हालांकि स्थानीय लोग करीब एक घंटे तक इस मशक्कत में लगे रहे। काफी देर के बाद भी जब उसका पैर जाल से नहीं निकल सका तो लोगों ने मैन हॉल के जाल को काटकर उसका पैर निकालने की योजना बनाई। कटर से जाल को काटकर उसका पैर निकाला गया। पैर निकालने की मशक्कत के दौरान सलमा का पैर घायल हो गया। जिसे उपचार के चिकित्सक के यहां भेजा गया।

# गन्नौर: कर्नल अरूण मलिक ने आस्ट्रेलिया में दिखाया भारत का शौर्य

## खेड़ा गांव के कर्नल मलिक हाल में बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया के सीईओ के पर पर है कार्यरत

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**
**इंडियन आर्मी** के अधिकारी व सैनिक जहां भी रहेगा, भारत का झंडा फहराता रहेगा। हर मोर्चा आन बान और शान का होगा और जवान देश के मान- सम्मान के लिए जान लड़ा देगा। कुछ ऐसा ही देखने को मिला, आस्ट्रेलिया के क्वींलैंड के केर्न्स में। यहां भारतीय सेना में रहे कर्नल अरुण मलिक ने विनफास्ट आयरनमैन विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतकर आयरन मैन का खिताब जीता। खिताब जितने वाले कर्नल मलिक अठाहरवीं बार लौह पुरुष (आयरन मैन)बने। उन्होंने बेहद ही सबसे कठिन माने जानी वाली आरयन मैन चैंपियनशिप में न केवल भाग लिया, बल्कि तय समय के अंदर पूरा भी किया। कर्नल मलिक बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया के सीईओ फिलहाल के पद पर तैनात है।
**तीन क्रियाओं से गुजरने के बाद मिलता है आयरन मैन का खिताब:**

> 8 भारतीय सेना में रहे कर्नल अरुण मलिक ने विनफास्ट आयरनमैन विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतकर आयरन मैन का खिताब जीता।

कर्नल अरूण मलिक ने बताया कि प्रतियोगिता तैराकी से आरंभ होती है जो कि 3.8 किलो मीं की होती है। तैराकी के समाप्त होते ही भागीदार को वस्त्र बदलने होते हैं और साईकिल पर 180 किलों मीं सवार होना होता है। दोबारा से कपड़े बदलते ही 42 कलोमीटर की दौड़ लगानी होती है। ये तीनों क्रियाएँ लगातार करनी होती हैं। किसी भी क्रिया में रुकने से लेकर और वस्त्र बदलने का समय गिना जाता है। यदि कोई इसे 17 घंटे में पूरा कर लेता है तो उसे लौह पुरुष का खिताब मिल जाता है। कर्नल मलिक ने 11 घंटे तीन मिनट में पूरा कर दिखाया। बताया कि वह अपनी कैटेगरी में विश्व में तीसरे और भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



**पिता, भाई, बहन सहित पूरा परिवार सेना में बड़े पदों पर रहा:** कर्नल अरुण मलिक जिले के गांव रिवाड़ा के है। मलिक के पिता स्वर्गीय कर्नल धर्मबीर मलिक गांव के सबसे पहले सेना के कमांडिंग आफिसर बने। कर्नल अरूण मलिक ने अपनी पढ़ाई केन्द्रीय विद्यालय व आर्मी स्कूल से पूरी की। गर्व की बात है कि स्वर्गीय कर्नल धर्मबीर के दो बेटे व दो बेटी चारों ही सेना में अपनी सेवाएं दे चुके है।
उनके दामाद भी सेना में उच्च अधिकारी रहे। हाल में आयरन मैन कर्नल अरूण मलिक के बड़े भाई कर्नल सुरेन्द्र मलिक सोनीपत सीएसडी में मैनेजर की सेवाएं दे रहे है। कर्नल मलिक ने एनडीए की परीक्षा पास की और ट्रैनिंग में गोल्ड मैडल व अवार्ड मिला। ब्रिगेडियर बनने से पूर्व उन्होंने स्वेच्छा सेवानिवृति ले ली। अनुशासन व मेहनत के दम व मेहनत से परिवार का नाम रौशन किया। कर्नल अरुण मलिक ने महिलाओं की विश्व बाक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में बेहतर तैयारी से भारत को महिलाओं की बाक्सिंग में प्रथम स्थान प्राप्त होने का गौरव प्राप्त किया। कर्नल मलिक ने बातचीत में युवाओं को संदेश दिया कि आज की युवा पीढ़ी को मेहनत करने की जरूरत है। युवाओं को अनुशासन में रहते हुए बहुत कुछ सीखने की जरूरत है।
**भूतपूर्व सैनिक संगठन ने कर्नल मलिक को बधाई देकर खुशी व्यक्त की:** भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर के नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक, कैप्टन एस एस दहिया, पीओ रतन, सुबेदार कृष्ण, सुबेदार भीम, सुबेदार राजपाल आदि ने कर्नल अरूण मलिक द्वारा आयरन मैन का खिताब प्राप्त करने पर बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की।

## परंपरागत हाथ के हुनर को मिल रहा प्रोत्साहन

**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**प्रदेश** सरकार द्वारा बेरोजगार नवयुवकों के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त कर अपना उद्यम स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना चलायी जा रही है। इस योजना में जनपद में अब तक 481 व्यक्तियों को 917.43 लाख का अनुदान प्रदान किया गया है। इसी प्रकार जनपद के ओडीओपी उत्पादों के विकास के लिए ओडीओपी वित्त पोषण योजनान्तर्गत 168 लाभार्थियों को 968.83 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया गया है। भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमईजीपी योजनान्तर्गत 526 लाभार्थियों को 1721.22 लाख का अनुदान उपलब्ध कराया गया है। ओडीओपी उत्पादों से जुड़े हस्तशिल्पियों, उद्यमियों के कौशल उन्नयन के लिए 1683 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्नत टूलकिट उपलब्ध करायी गयी है। परम्परागत कारीगरी से जुड़े व्यक्तियों के कौशल उन्नयन के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 2351 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्नत टूलकिट प्रदान की गई हैं। निजी औद्योगिक पार्क विकसित किये जाने की योजना के अन्तर्गत जनपद में 02 निजी औद्योगिक पार्क विकसित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

## संकल्प यात्रा में मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

### भाजपा सदर मण्डल के लक्ष्मीनगर तिराहा पर सहभागिता कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गयी

**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**प्रधानमंत्री श्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गुरुवार को भाजपा मथुरा महानगर के सदर मंडल के लक्ष्मी नगर तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर लोगों को योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। भाजपा सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं का सभी वंचित पात्रों को भी मिलेगा। ये है मोदी सरकार की गारंटी कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे मथुरा वृन्दावन विधानसभा के विधायक श्रीकांत शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार में समाज के हर वर्ग का भला हो रहा है। गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं।
धीरे-धीरे देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। ऐसे में हमें सभी योजनाओं को अवगत कराना है कि जनता उनसे लाभान्वित हो।



महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि भाजपा का आज परचम लहराया हुआ है। कल्याणकारी योजनाओं से हर कोई लाभान्वित हो रहा है।समाज के हर वर्ग के लिए मोदी सरकार संकल्पित हैं। अधिकारियों को भी चाहिए कि वह ज्यादा से ज्यादा योजनाओं को लोगों तक पहुंचाएं। महानगर के सदर मंडल अध्यक्ष विष्णु सैनी, पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, माधव उपमन्यु ,राहुल राजावत एवं भाजपा के पदाधिकारीगण ने भी योजनाएं गिनाई।

## अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती महिला की बेटी ने जानकारों को बुलाकर युवक से की मारपीट

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**नागरिक** अस्पताल के द्वितीय तल पर स्थित मेडिकल वार्ड में सुबह करीब 10 बजे हंगामा हो गया। वार्ड में भर्ती महिला की बेटी ने जानकारों का बुलाकर युवक से मारपीट कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर युवक फरार हो गए। वहीं भर्ती महिला व युवती को अस्पताल प्रबंधन की तरफ से छुट्टी दे दी। घायल युवक ने मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। टीम ने मौके पर पहुंची। टीम महिला व युवती की तलाश कर रही है।
लक्ष्मी नगर दिल्ली निवासी युवक ने बताया कि उसकी मां मीनू की तबीयत खराब है। करीब 18 दिन पहले उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जोकि मेडिकल वार्ड में बेड नंबर-11 पर भर्ती है।
वहीं तीन दिन पहले उनके सामने वाले बेड नंबर-13 पर महिला को भर्ती किया गया। युवक ने बताया कि महिला के साथ उसकी बेटी भी थी, जोकि उसे व उसकी मां से बातचीत करने लगी। युवक ने बताया कि उसने बातचीत करने से मना कर दिया। तो युवती जबरदस्ती बातचीत करने का दबाव बनाने लगी। बृहस्पतिवार को सुबह करीब 10 बजे अपने जानकारों को बुला लिया। उसके बाद वार्ड में भर्ती महिला व उसकी बेटी उसे लिफ्ट के पास ले गए। जहां युवको ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। किसी तरह वह जान बचाकर वार्ड में पहुंचा। उसके बाद डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के बयान दर्ज किए।

## दो दिन बाद चालू की गई गांव की विद्युत आपूर्ति

**मथुरा।** बकाया बिल होने पर पूरे गांव की काटी गई बिजली को विभाग ने दो दिन बाद शुक्रवार को जुड़वा दिया। इससे पहले बकाया जमा न होने की स्थिति में कर्मचारियों ने गांव नौहरा की विद्युत आपूर्ति दो दिन के लिए काट दी थी। इससे वह उपभोक्ता भी दो दिन परेशान रहे थे जिन्होंने समय से विद्युत बिल भर दिया था। उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद विद्युत आपूर्ति चालू की गई तथा सभी बकाएदारों से ओटीएस में पंजीकरण कर लाभ लेने की बात भी कही। ग्राम पंचायत सींगा पट्टी के गांव नौहरा की विद्युत आपूर्ति विभागीय कर्मचारियों ने पिछले दो दिन पूर्व काट दी थी। इस कारण ग्रामीण परेशान थे।

## बाईपास से हाईवे प्राधिकरण की टीम ने हटाये अतिक्रमण

### कोसी से कोटवन तक लगातार चलेगा बुलडोजर



**मथुरा। टीम एक्शन इंडिया**
**कोसीकलां में** हाईवे किनारे जमे हुए अतिक्रमणों को ध्वस्त करने का सिलसिला लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। सुबह से ही हाईवे प्राधिकरण की टीम बुलडोजर लेकर बाईपास तिराहे पर पहुंच गई। जहां उन्होंने अतिक्रमणों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। जिसमें कई दुकानें शामिल थी। कार्रवाई से हड़कंप मच गया। अभियान लगातार जारी रहेगा। टीम ने लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अतिक्रमण को लेकर सख्ती अपना रही है। जिसको लेकर उच्चाधिकारियों ने स्थानीय टीमों को अतिक्रमण हटाने के लिए लगाया था। गुरुवार से शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ अभियान अब लगातार जारी है। टीमों ने दूसरे दिन की कार्रवाई में बाईपास पर अतिक्रमण कर बना रखी करीब आधा दर्जन से अधिक दुकानों को तोडकर हाईवे के सर्विस रोड को साफ कराया। इस दौरान कुछ दुकानों को सामान हटाने के लिए कुछ घंटों का समय भी दिया गया। जिसके बाद अतिक्रमणों को तोड दिया गया। पूरे दिन कार्रवाई जारी रही। उधर अतिक्रमण हटाओ अभियान पर प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों ने नजर रखी हुई थी। टीमों को लगातार निर्देशित किया जाता रहा। हालांकि उन्हें पुलिस टीम का सहयोग न मिल पाने की टीस जरूर व्यक्त की। घटना प्रबंधक नरेंद्र चौधरी ने बताया कि अभियान हाईवे किनारे के अतिक्रमणों को साफ करके ही थमेगा। उन्होंने सभी लोगों से अपने अतिक्रमण स्वयं हटाने की अपील की है। इस दौरान रोहन, हरी सिंह, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसा: हादसे के बाद नहर में गिरकर लापता हुए युवक का नहीं लगा सुराग

### गोताखोर की टीमों ने 20 किलोमीटर के दायरें में चलाया सर्च अभियान,एक युवक की हो गई थी मौत

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**सदर** थाना क्षेत्र के गांव ककरोई के पास सीएलसी नहर में अनियंत्रित होकर गिरी कार से लापता हुए युवक का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। पुलिस व गोताखोर की टीमों ने करीब 20 किलो मीटर तक नहर में सर्च अभियान चलाया। लेकिन दूसरे दिन भी पुलिस व टीमें खाली हाथ ही वापिस लौटी। नहर में दूर-दूर तक तलाश के बाद युवक आशोक को कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। गांव गढ़ी हांसी हिसार निवासी संदीप ने गत 13 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसका भाई मनीष (29) की सोनीपत के मयूर विहार निवासी विकास से दोस्ती थी। वह तीन दिन पहले अपने दोस्त विकास के पास आया था। मंगलवार देर रात विकास, मनीष और उनका साथी मूलरूप से गांव सिसाना फिलहाल दहिया कॉलोनी नजदीक सेक्टर-23 सोनीपत निवासी अशोक के साथ रोहट की तरफ गए थे। विकास कार को स्वयं चला रहा था। वह घर पर किसी शादी समारोह में जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात करीब 11 बजे रोहट की तरफ से आते हुए उनकी कार अनियंत्रित होकर सीएलसी नहर में गिर गई। नहर में गिरने के बाद किसी तरह चालक विकास किसी तरह बाहर निकल गया। राहगीरों ने कार नहर में गिरने से की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल विकास को अस्पताल में ले जाया गया। जहां से उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया था। पुलिस ने क्रेन की मदद से देर रात कार को बाहर निकाला।

## बार चुनाव: सुबह नौ बजे से चार बजे तक होगा मतदान

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर आज सुबह नौ बजे से देर शाम चार बजे तक मतदान होगा। जिसको लेकर गठित चुनाव टीम की तरफ से सभी तैयारियों को पूरा किया जा चुका है। सभी अधिवक्ताओं को चुनाव की गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। मतदान स्थल पर कोई फोटो नहीं ले सकेगा और ना ही मोबाइल से वीडियोग्राफी की जाएगी। वहीं मतदाताओं को अपना पहचान पत्र पास रखना होगा। जरूरी होने पर उसको चेक किया जा सकता है। मतदान के बाद देर शाम को चुनाव के नतीजे घोषित किए जायेंगे।
बता दें कि जिला बार एसोसिशन में कुल 1305 वोटर अधिवक्ताओं की फाइनल लिस्ट वर्ष 2023-24 के चुनाव के लिए हुई है। जिसमें करीब 180 महिलाएं अधिवक्ता शामिल है। चुनाव कमेटी की तरफ से कोर्ट परिसर में बैनर लगाने व पोस्टर लगाने पर पुरी तरह से प्रतिबंध दिया था। मात्र सोशल साइट व विजिटिंग कार्ड के जरिए ही उम्मीदवार वोटर से अपने पक्ष में समर्थन लेने की अपील करने की आजादी थी। शुक्रवार आज सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हो जायेगा। जोकि देर शाम चार बजे तक चलेगा। उसके बाद वोटों की गिनती शुरू होगी।

## चीनी मिल पेराई सत्र- ऑनलाइन टोकन के जरिए पहले दिन 11 हजार क्विंटल गन्ने को किसानों ने किया बुक

### मिल प्रबंधन की तरफ से पहले दिन 20 हजार क्विंटल गन्ने का ऑनलाइन बॉड किया था जारी

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**शहर** के कामी सड़क मार्ग पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत द्वारा निर्मित चीनी मिल के आधुनिक एप का किसानों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। गन्ना उत्पादकों ने पहले दिन एप के माध्यम से करीब 11 हजार क्विंटल गन्ने की ऑनलाइन बुकिंग की है। किसान को उक्त गन्ने की फसल को लेकर मिल में कटि पर एक घंटे पहले पहुंचना है। मिल प्रबंधन की तरफ से ऑनलाइन गन्ना बुकिंग करने के लिए 20 हजार क्विंटल गन्ने का बॉड जारी किया था। बता दें कि शहर के कामी सड़क मार्ग स्थित चीनी मिल की तरफ से गन्ना उत्पादकों को सुविधा देने के लिए गत वर्षों पहले एप तैयार किया था। प्रदेश में चीनी मिल पहला ऐसा मिल था जहां उक्त एप के जरिए गन्ना उत्पादक मिल में डालना शुरू किया। उसके बाद चौ. देवीलाल चीनी मिल आहुलाना सहित अन्य मिलों को उक्त एप की सुविधा को शुरू किया गया था। उक्त एप में किसान को अपनी पर्ची, वार्ड में ट्रालियों की संख्या, गन्ने का सर्वे, पेराई के आकड़े, पुरानी पर्ची जमा करने, भुगतान, बाहरी गनना क्रय-केंद्र की सुविधा दी गई थी। जिसके बाद से किसान घर बैठे अपने फोन पर उक्त सुविधाओं का लाभ उठा पा रहा था। मिल प्रबंधन की तरफ से किसानों की सुविधा बेहतर करने के लिए एप पर खुद ही टोकन बुक करने की सुविधा को शुरू किया है। जोकि आज 14 दिसंबर से गन्ना उत्पादकों के लिए प्रबंधन की तरफ से शुरू किया है। मिल प्रबंधन की तरफ से 20 हजार क्विंटल गन्ने का बॉड जारी किया गया। देर शाम तक किसानों की तरफ से देर शाम तक करीब 11 हजार क्विंटल गन्ने को बुक कि जा चुका था।
**एमडी ने किया कार्यालय का दौरा, इंजीनियर की थपथपाई पीठ:** मिल प्रबंधन की तरफ से फ्री में गन्ना उत्पादकों के लिए एप तैयार किया गया था। लंबी लाइनों से किसानो को बचाने व बार-बार चीनी मिल में धक्के न खाने पड़े उसके लिए मिल मे तैनात इंजीनियर राकेश कुमार की तरफ से एप को तैयार कर किसानों को सौगात दी।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी 'बायोनेचर कॉन-2023' का सीएम योगी ने किया उद्घाटन

ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे।



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों या अन्य शिक्षण संस्थानों को टापू या तटस्थ बने रहने की बजाय समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए वे समाज की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन बढ़ाएं। व्यावहारिक आवश्यकताओं को समझने के लिए सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान पर निर्भर रहने की बजाय फील्ड में अनुभव हासिल करने और रिसर्च पर ध्यान देना होगा।

सीएम योगी शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फामेर्सी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स 'बायोनेचर कॉन-2023' विषयक संगोष्ठी के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान से तटस्थ होने के कारण भारत पिछड़ गया था और यहां के शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने के केंद्र तक सीमित हो गए थे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ सालों में इस दिशा में सुधार के प्रयास हुए तो अब अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

### सीएम ने साझा किया इंसेफेलाइटिस नियंत्रण का अनुभव

**राष्ट्रीय** संगोष्ठी के दौरान मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के अपने अनुभव को भी साझा किया। बताया कि 1977 से लेकर 2017 तक करीब 50 हजार बच्चों की मौत इंसेफेलाइटिस की वजह से हो गई। जापान में इसके लिए वैक्सीन 1905 में ही बन गई थी जबकि भारत में वैक्सीन 2005 में उपलब्ध हुई, उसका भी उत्पादन मांग से काफी कम रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश की करीब तीन करोड़ की आबादी के सापेक्ष इंसेफेलाइटिस वैक्सीन महज एक लाख डोज मिल रही थी। मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 में प्रदेश की कमान सम्भालने के बाद स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाकर कई विभागों के बीच अंतर विभागीय समन्वय से चालीस साल के दंश को चार साल में दूर कर दिया गया।

कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को मिलेगी ऊंचाई

### पैकेजिंग पर देना होगा ध्यान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से बनने वाली औषधियों की क्वालिटी पर फोकस करने के साथ पैकेजिंग पर भी पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की दवा पुड़िया बांधकर देने से रोगी को ही विश्वास नहीं होता जबकि यही दवा टैबलेट के रूप में उसका विश्वास बढ़ाती है। दवाओं को इसी अनुरूप में तैयार और पैक करना होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों से पारंपरिक चिकित्सा भारत की देन है। वर्तमान समय मे इसे आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने कई विभागों के बीच आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि आपसी आयुर्वेद, फामेर्सी, बायो केमिस्ट्री, कृषि जैसे कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को एक नई ऊंचाई मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े लोग प्राकृतिक संसाधनों से औषधि बनाने के क्षेत्र में बहुत योगदान दे सकते हैं।

**दो हजार एकड़ में बन रहा फार्मा पार्क**

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ललितपुर में दो हजार एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। इसके साथ ही मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित करने पर भी तेजी से काम चल रहा है।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद: मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम झटका



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर विवाद में मुस्लिम पक्षकारों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 14 दिसंबर को दिए फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर का तीन अधिवक्ता आयुक्तों की टीम द्वारा सर्वे करने का आदेश दिया था।

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से किया इनकार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों में से 17 मामलों की सुनवाई की। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित शाही ईदगाह परिसर का सर्वे करने का निर्देश दिया। यह सर्वे अधिवक्ता आयुक्तों की टीम करेगी। हालांकि सर्वे कब शुरू होगा, इसकी तारीख आनी अभी बाकी है। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ मुस्लिम पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। अब सुप्रीम कोर्ट 9 जनवरी को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

**सुनवाई**

8 सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित शाही ईदगाह परिसर का सर्वे करने का निर्देश दिया।

**18 दिसंबर को फिर सुनवाई करेगा हाईकोर्ट:** श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह परिसर की 13.37 एकड़ जमीन को लेकर विवाद है। इस जमीन का कमिश्नर सर्वे वाराणसी की ज्ञानवापी परिसर की तरह होगा।

**फास्ट न्यूज**

## गिरिराज ने जदयू की बनारस रैली रद्द होने पर कसा तंज

**पटना (बिहार)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 24 दिसम्बर को वाराणसी में प्रस्तावित रैली रद्द होने पर तंज कसा है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि गांव की एक कहावत है, रोने का मन हुआ तो आंख में गड़ी खूंटी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी यही हाल है। इनको आदमी तो बनारस में जुटता नहीं है। इसलिए रैली को रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 24 दिसम्बर को वाराणसी में रैली प्रस्तावित थी लेकिन जदयू ने आरोप लगाया कि यूपी की भाजपा सरकार के दबाव में कॉलेज प्रशासन ने उन्हें जगह नहीं दी। इसी करण रैली रद्द हुई है। अब गिरिराज ने जदयू के दावों को हास्यास्पद बताते हुए नीतीश कुमार पर घोड़ा के साथ-साथ बेंग (मेढ़क) के पैर में नाल ठोकना चरितार्थ होने की बात कही है। बिहार में अडानी समूह के निवेश प्रस्तावों पर गिरिराज ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राहुल गांधी और इंडी गठबंधन की बचकानी हरकत है कि वे अडानी पर आरोप लगाते हैं। राजस्थान में जब अशोक गहलोत की सरकार थी तब अडानी ने वहां 60 हजार करोड़ का निवेश किया। छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार थी तो 50 हजार करोड़ रुपये से ऊपर का निवेश हुआ। यह इन्वेस्टमेंट ले रहे हैं वहां अडानी नहीं दिख रहा है जब अडानी को गाली देना तो पीएम मोदी पर निशाना साधते हैं। पीएम मोदी के खिलाफ में उनके पास कुछ नहीं है। इसलिए मोदी के खिलाफ में नए-नए टूल किट लाते हैं ताकी उन्हें बदनाम किया जा सके।

## राष्ट्रपति भवन में शनिवार को नहीं होगा चेंज ऑफ गार्ड समारोह

**नई दिल्ली।** ओमान के सुल्तान के लिए निर्धारित गार्ड ऑफ ऑनर के कारण शनिवार (16 दिसंबर) को राष्ट्रपति भवन में चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा।

राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर ओमान सल्तनत के राज्य प्रमुख सुल्तान हैथम बिन तारिक 16 दिसंबर को राजकीय यात्रा पर भारत आएंगे। उनके साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। सुल्तान हैथम बिन तारिक की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा भारत और ओमान सल्तनत के बीच राजनयिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 16 दिसंबर को सुल्तान हैथम बिन तारिक का राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। वह प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। इस दौरान उनके सम्मान में दोपहर भोज का भी आयोजन किया गया है।

## गंगाजल आपूर्ति योजना का सीएम ने किया लोकार्पण



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवादा में शुक्रवार को गंगाजल की आपूर्ति के लिए हुए कार्यों का लोकार्पण किया। गंगा उद्भव योजना के तहत बिहार के जल संकट से जूझते जिलों में गंगा जल आपूर्ति करने की योजना का एक और चरण सफल हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भगिरथी प्रयास अब नवादा में भी साकार हो गया है।

सीएम नीतीश ने नवादा में गंगा जल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। कभी पानी के संकट से जूझने वाले नवादा में अब लोगों के घरों तक गंगा जल की आपूर्ति शुरू हो गई है। लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवादा जिले के पौरा गांव आज पहुंचे। उन्होंने गांव स्थित नव निंमित शोधित जलसंयंत्र परिसर में गंगा जल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया। इसके साथ ही नवादा नगर को एक बड़ी सौगात दी। नगर के 17 वार्डों के 13 हजार 965 घरों में प्रतिदिन गंगा जल की आपूर्ति घरेलू कार्यों के लिए कर दी गई है। मौके पर जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा और उद्योग मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री समीर कुमार महासेठ उपस्थित रहे। पटना जिले में मोकामा के हाथीदह से पाइप लाइन के जरिए राजगीर के समीप पहले गंगा जल को लाया गया है।यहां से नवादा जिले के नारदीगंज प्रखंड मोतनाजे गांव स्थित डिटेंशन कैंप तक गंगा जल लाया गया।

**योजना**

8 पानी के संकट से जूझने वाले नवादा में अब लोगों के घरों तक गंगा जल की आपूर्ति शुरू हो गई है।

## 'हार की हताशा में संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा विपक्ष'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी दल विधानसभा चुनाव में हार पर चिंतन करने की बजाय इसकी हताशा में संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं। विपक्षी दलों के इस रवैए से स्पष्ट है कि उनका जनता के साथ जुड़ाव समाप्त हो चुका है। दिल्ली के नजफगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा की जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी सचिवालय की है। लोकसभा स्पीकर ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर उनसे बात की और उनके सुझाव भी लिए। विपक्ष को चाहिए था कि वह अपने सुझाव या बदलाव इस बैठक में रखते। असल बात ये है कि तीन राज्यों की हार से विपक्ष आज मुद्दाविहीन है और उनके हौसले पस्त हो चुके हैं। वे अब सिर्फ सदन में हंगामे के दम पर जनहित के कार्यों को रोकने में लगे हैं। इस मौके पर खिलाड़ियों से सार्थक परिचर्चा करते हुए ठाकुर ने कहा कि आज भारत में चारों ओर खेल सुविधाओं का विस्तार हो रहा है और पूरे विश्व में भारत की जय-जयकार हो रही है। खेलों के क्षेत्र में भारत नित नये कीर्तिमान बना रहा है और इसका पूरा श्रेय हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और खेलों के विकास को लेकर मोदी सरकार की नीतियां हैं। आज पूरे भारत में विभिन्न खेल आयोजनों-प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को खेलने-निखरने का मंच मिल रहा है। उन्होंने भाजपा किसान मोर्चा की इस पहल की सराहना भी की।

**चुनावी हार**

8 विपक्षी दल चुनाव में हार पर चिंतन करने के बजाए हताषा में संसद की कार्यवाही कर रहें है बाधित।

## बिहार से मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस के कोच में लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

बिहार के मधुबनी जिले में शुक्रवार को जयनगर से मुंबई जाने वाली पवन एक्सप्रेस के एसी टू टायर कोच में आग लग गई। रेलकर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते आग बुझा लिया।

आग लगने की सूचना पर यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया है कि ट्रेन मुंबई जाने के लिए प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। एक बजे ट्रेन के खुलने का समय था। इस बीच ट्रेन के एसी कोच में आग लग गई। इससे स्टेशन पर अफरा-तफरा मच गई। आनन-फानन में यात्रियों को खिड़की तोड़कर सुरक्षित निकाला गया।

## म्यूजिक की आवाज बढ़ाकर ड्राइवर युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। आरोप है कि चलती बस में ड्राइवर ने एक युवती के साथ दुष्कर्म किया है। कंडक्टर बस चलाता रहा और ड्राइवर स्पीकर की तेज आवाज के बीच युवती के साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती के साथ दुष्कर्म का मामला नौ दिसंबर की शाम का है। पीड़िता यूपी के कानपुर की रहने वाली है।

कानोता पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। आरोपी का नाम आरिफ खान बताया जा रहा है। वहीं, मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फूलचन्द कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय युवती ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की पूरी जानकारी पुलिस को दी है। पीड़िता के मुताबिक, नौ दिसंबर को शाम सात बजे वह कानपुर से जयपुर आने के लिए एक निजी बस में बैठी थी।

## सांसदों के निलंबन पर विपक्ष ने किया प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों के निलंबन व संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सदस्यों ने मांग की है कि सरकार लोकसभा से निलंबित 14 और राज्यसभा से निलंबित एक सदस्य का निलंबन वापस ले। साथ ही संसद में हुई सुरक्षा चूक मुद्दे पर केन्द्रीय गृहमंत्री संसद के दोनों सदन को संबोधित करें। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सांसदों को निलंबित कर विपक्ष की आवाज को प्रतिबंधित किया जा रहा है। हमारी मांग जायज है। हम चाहते हैं कि संसद की सुरक्षा में हुई चूक पर गृहमंत्री जवाब दें। शिवसेना (यूबीटी) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा संसद की सुरक्षा में गंभीर चूक हुई है।






संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार, 16 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 335 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## दिल्ली सरकार ने बढ़ाया विधायकों को फंड



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अरविंद केजरीवाल सरकार ने शुक्रवार को दिल्ली के विधायक निधि को बढ़ा दिया है। अब दिल्ली के विधायकों को विधानसभा के विकास कार्यों के लिए सात करोड़ रुपये मिलेंगे। पहले विधायकों को विकास कार्य के लिए चार करोड़ रुपये मिलता था।

**शीतकालीन सत्र हुआ शुरू**
बता दें कि शुक्रवार को दिल्ली विधानसभा का दो दिवसीय शीतकालीन सत्र शुरू हुआ। सत्र के दौरान दिल्ली के मंत्री ने कहा कि कि बजट 2023-24 के संशोधित अनुमान में 100 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष राशि अगले वित्तीय वर्ष के बजट में आवंटित की जायेगी।

**विधानसभा के गठन के 30 वर्ष पूरे**
सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने विधानसभा गठन के 30 वर्ष पूरे होने पर सभी सदस्यों को बधाई दी। वहीं उन्होंने कहा कि तीन दशक बाद भी सदन को पूर्ण शक्तियां और आर्थिक अधिकार नहीं मिले हैं। इस बीच नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की नोक झोंक हुई।

**भाजपा ने उठाया ये मुद्दा**
इस पर स्पीकर गोयल ने कहा- विधानसभा सचिव की शक्तियां छीनी जा रही है। विधानसभा में सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने के लिए सचिव को शक्तियां देने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने जागरण में छपी खबर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल से डीपीसीसी को कोई फंड नहीं क्यों नहीं दिया गया है।

# 50 साल पुराना मंदिर को तोड़ने पहुंची एनबीसीसी टीम

= सरोजिनी नगर मार्केट के रामसाईं मंदिर को तोड़ने पहुंची एनबीसीसी की टीम को दुकानदारों का विरोध झेलना पड़ा।

**विरोध**

8 दुकानदारों ने कहा कि 50 साल पुराने मंदिर को तोड़ने पर हाई कोर्ट ने स्टे लगा रखा है। इसके बावजूद टीम कार्रवाई करने पहुंची।






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सरोजिनी नगर मार्केट के रामसाईं मंदिर को तोड़ने पहुंची एनबीसीसी की टीम को दुकानदारों का विरोध झेलना पड़ा। दुकानदारों ने कहा कि 50 साल पुराने मंदिर को तोड़ने पर हाई कोर्ट ने स्टे लगा रखा है। इसके बावजूद टीम कार्रवाई करने पहुंची। दुकानदारों के विरोध के चलते टीम वापस लौट गई। मंदिर के पास झुग्गियों को तोड़ा सरोजिनी नगर मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने बताया कि एनबीसीसी की टीम ने बृहस्पतिवार को एच ब्लाक स्थित राम साईं मंदिर के पास झुग्गियों को तोड़ दिया। इसके बाद मंदिर को तोड़ने का प्रयास किया गया। इसको लेकर दुकानदारों ने विरोध कर दिया। अशोक रंधावा ने बताया कि यह मंदिर करीब 50 साल पुराना है। इसमें दुकानदारों की आस्था है।


**हाईकोर्ट से मंदिर तोड़ने पर स्टे**
इसके अलावा हाई कोर्ट की तरफ से मंदिर तोड़ने को लेकर स्टे लगा हुआ है। फिर भी मंदिर को तोड़ने का प्रयास किया गया। जब दुकानदारों ने विरोध किया तो कार्रवाई को रोका गया। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को कोर्ट का आर्डर दिखाया गया। उन्होंने बताया कि मंदिर की सेवादार प्रीति ने जब अधिकारियों को कोर्ट का स्टे आर्डर दिखाया तो वह एक दिन का समय देकर चले गए।

**मंदिर का बिजली-पानी कटा**
अध्यक्ष का कहना है कि मंदिर की बिजली और पानी भी काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि एनबीसीसी के अधिकारी एके राव मार्ग पर जगदीश कुमार को दुकान खाली करने के लिए भी बोल रहे हैं। जबकि इस दुकान ने उनका कोई लेना-देना नहीं है। यह दुकान एनडीएमसी की है। अध्यक्ष ने कहा कि अब इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की जाएगी।

## पिटाई का बदला लेने के लिए रची हत्या की साजिश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए छह नाबालिगों ने मिलकर एक 17 वर्षीय लड़के की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, आरोपितों ने मृतक को शराब पिलाने के बहाने बुलाया, फिर चाकू और ईट से वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है। बाकी फरार तीन नाबालिगों की पुलिस तलाश कर रही है।
हत्या में इस्तेमाल दो चाकू भी बरामद कर लिये गये हैं। बताया जा रहा कि मृतक पर कई बार चाकू से हमला किया गया था। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे मालवीय नगर पुलिस को सूचना मिली कि खिड़की एक्सटेंशन स्थित सतपुला पार्क में एक लड़के का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को एक शव मिला। उसके छाती, पेट, गर्दन और चेहरे पर चाकू के घाव पाए गए। पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। तब पुलिस ने तीन नाबालिगों को पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि विवेक की हत्या करने के लिए एक नाबालिग ने अपने अन्य पांच नाबालिग साथियों के साथ योजना बनाई।

## संसद सुरक्षा उल्लंघन मामला: दो और हिरासत में



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो और लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि इन दोनों के तार पहले गिरफ्तार किये गये पांच लोगों के साथ जुड़े हुए हैं। हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की पहचान महेश और कैलाश के रूप में की गई है। दोनों राजस्थान के रहने वाले हैं। उनका 'जस्टिस फॉर आजाद भगत सिंह' नामक सोशल मीडिया समूह से कथित संबंध है। स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट की पूछताछ में यह बात सामने आई कि महेश भी टीम का हिस्सा बनने वाला था, लेकिन किसी कारण से उसके परिवार के सदस्यों ने उसे रोक दिया। इसके अलावा, महेश ने पांचवें आरोपित और मास्टरमाइंड ललित झा को दिल्ली से राजस्थान के कुचामन पहुंचने के बाद उसके साथियों के मोबाइल फोन जलाने में भी मदद की है। दूसरी ओर, गुरुवार रात, दो पुलिस उपायुक्तों (डीसीपी) और अतिरिक्त पुलिस आयुक्तों सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ललित झा से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान ललित ने अधिकारियों को पूरी घटना की जानकारी दी।
सूत्रों की मानें तो पूछताछ में पता चला कि हमले की तैयारी महीनों पहले से की जा रही थी। संसद में प्रवेश के लिए प्रवेश पास आवश्यक था, जो उपलब्ध नहीं हो पा रहा था इसलिए वह पहले इसे अंजाम नहीं दे पाए। ललित ने सभी से पूछा था कि पास की व्यवस्था कौन कर सकता है ताकि वे आसानी से संसद में प्रवेश कर सकें। ललित राजस्थान के होटल से लगातार समाचार चैनलों के जरिए चल रहे घटनाक्रम और पुलिस की गतिविधियों पर नजर रख रहा था। सूत्रों के अनुसार मामले में और अधिक खुलासे के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छह टीमें बनाई हैं जो लखनऊ, मैसूर, कर्नाटक, राजस्थान, महाराष्ट्र और हरियाणा में आरोपितों से जुड़े स्थानों पर जाएंगी। इसके अलावा, आरोपितों को क्रॉस-वेरिफिकेशन और सबूतों की पहचान के लिए अलग-अलग स्थानों पर भी ले जाया जाएगा।

## महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू करने पर कोर्ट ने किया इनकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि यह जनहित का मामला है और इसमें आप व्यक्तिगत हित नहीं दिखा पाई हैं। अदालत ने कहा कि याचिका वापस लें और एक नई जनहित याचिका दायर करें। इस पर याचिकाकर्ता और




अधिवक्ता योगमाया ने याचिका वापस ले ली। अदालत ने इस पर याचिकाकर्ता को जनहित याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी।

**याचिका दायर करने पर होगा विरोधः** केंद्र सरकार
सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने याचिका की विचारणीयता पर आपत्ति जताते हुए कहा कि यह एक जनहित याचिका की प्रकृति है।

## बालों की समस्याओं का उपचार एआई तकनीक से संभव

**नई दिल्ली।** होम्योपैथ चिकित्सा पद्धित पर केंद्रित डॉ. बत्राह्लज हेल्थकेयर ने बालों की समस्याओं के उपचार के लिए अत्याधुनिक पहल की है। बत्राह्लज ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उपचार शुरू किया है। यह घोषणा डॉ. बत्रा'ज हेल्थकेयर के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. अक्षय बत्रा ने की। उन्होंने राजधानी दिल्ली में दावा किया कि यह वैज्ञानिक और पूवार्नुमानित उपचार एआई की क्षमताओं का उपयोग करता है। इसका प्रयोग सिर की त्वचा की समस्याओं के सटीक विश्लेषण और अच्छे संभावित परिणामों वाले व्यक्तिगत उपचार बताने के लिए होता है। एआई हेयर प्रो बालों के झड़ने और बढ़ने की सटीक जानकारी प्रदान करता है। डॉ. अक्षय का कहना है कि एआई आधारित इस हेयर डायग्नोस्टिक टूल में दो हाई-डेफिनिशन कैमरे हैं।

## मुंबई: ऑडी ने मुंबई में खोला आरई पॉवर्ड अल्ट्रा फास्ट चार्जिंग स्टेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
ऑडी इंडिया ने देश का पहला आरई पॉवर्ड अल्ट्रा फास्ट चार्जिंग स्टेशन मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खोला है। इसे चार्ज जोन के सहयोग से विकसित किया गया है। इसमें एक इलेक्ट्रिक वाहन को 360 केडब्ल्यू बिजली देने के लिए 450केडब्ल्यू की कुल क्षमता है। उच्च प्रदर्शन और एफिशिएंसी सुनिश्चित करने के लिए यह चार्जर 500 एएमपीएस लिक्विड कूल्ड गन से लैस है। यहां जारी विज्ञप्ति में ऑडी एजी के सेल्स रीजन ओवरसीज के सीनियर डायरेक्टर अलेक्जेंडर वॉन वाल्डेनबर्ग-ड्रेसेल ने कहा कि इसकी शुरूआत कल की गई। इस चार्जिंग स्टेशन पर 114 केड्ब्लूयएच बैटरी (भारत में यात्री वाहन में लगने वाली सबसे बड़ी बैटरी) के साथ ऑडी क्यू8 55 ई-ट्रॉन केवल 26 मिनट में



20 फीसदी से 80 फीसदी तक चार्ज हो सकती है। यह अल्ट्रा फास्ट चार्जिंग 'ई-ट्रॉन हब' पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से पॉवर्ड है। इसमें एक सौर छत है जो 'ई-ट्रॉन हब' को रोशन करने सहित स्टेशन की दूसरी बिजली जरूरतों को भी पूरा करती है। जर्मनी की कार निमार्ता कंपनी ऑडी इंडिया के हेड बलबीर सिंह ढिल्लन ने कहा, 'ई-ट्रॉन हब' में कार को चार्ज करने के दौरान आराम करने के लिए लाउंज की सुविधा है। ऑडी ई-ट्रॉन के मालिक अपने 'मायऑडी कनेक्ट' ऐप के जरिए इस बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चार्ज जोन के संस्थापक और सीईओ कार्तिकेय हरियाणी ने ऑडी इंडिया के साथ अनुबंध पर खुशी जताई है।


## राजौरी गार्डन से मुक्त कराए गए 16 बाल मजदूर

**एक्शन**

8 श्रम विभाग के अधिकारी तथा राजौरी गार्डन और हरि नगर थानों के प्रभारी भी शामिल थे।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजौरी गार्डन इलाके में मारे गए छापों में ढाबों व ऑटो के कल पुर्जे बेचने वाली दुकानों से 16 बच्चों को मुक्त कराया गया। स्थानीय एसडीएम आशीष कुमार की अगुआई में छापों की यह कार्रवाई एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन जिसे बचपन बचाओ आंदोलन के नाम से भी जाना जाता है और बाल विकास धारा के सहयोग से हुई। कार्रवाई में श्रम विभाग के अधिकारी तथा राजौरी गार्डन और हरि नगर थानों के प्रभारी भी शामिल थे। इस कार्रवाई में मुक्त कराया गए एक बाल मजदूर की उम्र महज दस साल है। छापे में शामिल अफसरों और बीबीए की टीम के सदस्यों ने जब बच्चे को अच्छे खाने का लालच दिया तब कहीं जाकर उसका डर कुछ कम हुआ। खाने के बाद उसने बातचीत शुरू की और बताया कि वह आटो के कल पुर्जे बेचने वाली एक दुकान में पिछले साल भर से काम कर रहा था। बच्चे ने अपने पिता का नाम तो बताया पर उनका फोन नंबर या अपने गांव का नाम नहीं बता पाया। मुक्त कराए गए इन सभी बच्चों की उम्र 10 से 17 साल के बीच है और ये उप्र व बिहार के हैं। छुड़ाए गए सभी बच्चे साफ तौर से कुपोषित, नींद की कमी के शिकार और थके से लग रहे थे। इन्हें रोजाना 12-12 घंटे से भी ज्यादा खटाया जाता था। छापों के बाद एसडीएम ने राजौरी गार्डन और हरि नगर के थाना प्रभारियों को नियोक्ताओं के खिलाफ बाल श्रम (रोकथाम एवं नियमन अधिनियम, 1986), किशोर न्याय (संरक्षण एवं सुरक्षा) कानून, 2015 के तहत मामला दर्ज करने का आदेश दिया।



# मोदी का संकल्प ही मोदी की गारंटी: डा अर्चना

## डा अर्चना गुप्ता पहुंची राणा माजरा भारत विकसित संकल्प यात्रा में मुख्य वक्ता के रूप में

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मोदी का एक** ही स्वप्न है भारत माता का सिर ऊंचा दुनिया भर में हो।दुनिया भारत भारत की विरासत तथा संस्कृति का लोहा माने। ये यात्रा मोदी शुरू कर चुके है। आज पूरा संसार मोदी का नेतृत्व मान रहा है ये शब्द जिला भाजपा अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने राणा माजरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहे।
डा अर्चना गुप्ता ने कहा की आज मोदी भारत की आर्थिक , संस्कृति तथा सामरिक तौर पर मजबूत कर रहे । उन्होंने लोगो को सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक तथा चीन का लद्दाख में पीछे हटने के बारे में बताया।
भारत की अर्थव्यवस्था को पांचवी अर्थ व्यवस्था बनाया। सामरिक साजो सामान के निर्यात हम मोदी के नेतृत्व में बने। डा अर्चना गुप्ता ने लोगो उज्जवला योजना,जनधन योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना के बारे में बताया। डा अर्चना गुप्ता ने बच्चियों के आग्रह पर राणा माजरा के स्कूल 12 तक करने की सिफारिश की । बच्चियों के आग्रह पर बच्चियों के आग्रह पर ना केवल फोटो खिंचवाई अपितु जमीन बैठकर उनसे स्नेह पूर्व वातार्लाप भी किया। डा अर्चना गुप्ता का गांव में पहुंचने पर सरपंच नुसरत के शाल ओढ़ाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डा अर्चना गुप्ता ने लोगो को हाथ उठवाकर विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाए। डा अर्चना गुप्ता ने प्रसाशिनक अधिकारीयों के साथ सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। गांव के विकास में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया। नंगला आर गांव में विकसित भारत यात्रा में मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा जिला सोशल मीडिया संयोजक रविंदर पंचाल शामिल हुए।कार्यकर्म का संचालन सहायक जम संपर्क एवम सूचना अधिकारी दीपक पराशर ने किया। इन अवसरों पर मुख्य रूप से जिला भाजपा मीडिया प्रमुख ईश कुमार राणा, एम डी शुगर मिल जगदीप सिंह तथा बी डी पी ओ शक्ति सिंह आदि मोजूद रहे।



# नौकरी लगवाने व ठेके दिलवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**थाना** सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर विलासा राम ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी शिकायत में सोनीपत जिला के गांव सनपेड़ा निवासी कृष्ण पुत्र रामेहर ने बताया था कि वह खेती बाड़ी का काम करता है उसके दो बेटे है। किसी युवक ने उसको दिल्ली बसंत विहार निवासी सुधीर पुत्र रामशरण से मिलवाया था। तब रामशरण ने स्वयं को रेलवे में बड़े पद पर कार्यरत बताते हुए कहा कि वह उसके दोनों बेटों को रेलवे में नौकरी लगवा देगा। सुधीर ने रेलवे का अपना फर्जी आईडी कार्ड बनवा रखा है। सुधीर ने उसके बेटों को नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी कर उससे 15 लाख रूपए की ठगी कर ली।
कृष्ण ने शिकायत में बताया उसको बाद में पता चला सुधीर ने काफी लोगों के साथ इस प्रकार से ठगी की हुई है। सधीर ने समालखा की पंचवटी कॉलोनी निवासी राजीव से रेलवे में स्क्रैप का ठेका दिलवाने के नाम पर 12 लाख रूपए की ठगी, गांव गढ़ी छाजू निवासी देवेंद्र से उसके भांजे को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 3.50लाख रूपए की ठगी, सोनीपत के गांव जागसी निवासी राकेश से रेलवे में नौकरी के नाम पर 1.25लाख रूपए की ठगी, गंगाराम कॉलोनी निवासी पूजा पत्नी अशोक से उसके भाई को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.50लाख रूपए की ठगी, गांव गढ़ी छाजू निवासी सोनू से उसके भाई को रेलवे में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.50लाख रूपए की ठगी, सोनीपत के गांव बिधल निवासी महिला मोसमी पत्नी सतबीर से उसके लड़के को नौकरी लगवाने के नाम पर 1.50लाख रूपए की ठगी कर रखी है। सोनू निवासी गढ़ी छाजू की शिकायत आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में मुकदमा दर्ज है। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया वर्ष 1998 में वह रेलवे में ग्रुप सी नौकरी लगा था। बाद में गैर हाजिर होने के कारण वर्ष 2010 में उसको नौकरी से निकाल दिया था। आरोपी सुधीर ने इसके बाद रेलवे में नौकरी लगवाने व ठेके दिलवाने के नाम पर लोगों से ठगी करनी शुरू कर दी। गहनता से पूछताछ करने व ठगी गई नकदी बरामद करने के लिए पुलिस ने वीरवार को आरोपी सुधीर को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 6 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।



**धोखाधड़ी**

**8 रामशरण ने स्वयं को रेलवे में बड़े पद पर कार्यरत बताते हुए कहा कि वह उसके दोनों बेटों को रेलवे में नौकरी लगवा देगा।**

## न्यूज फ्लैश

### गांव अधोया के राजकीय विद्यालय में लगा डिजिटल मेला



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अधोया में डिजिटल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश पराशर, अ बी आर सी पूनम रानी व स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान सुमन देवी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया` इस अवसर पर कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही ऑनलाइन सेवाओं और शिक्षा संबंधी इ-अधिगम, अवसर, समीक्षा, दीक्षा आदि विभिन्न पोर्टलो के बारे में विस्तृत जानकरी दी । इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने ऑनलाइन भुगतान, ई-चालान, शिक्षा संबंधी पोर्टल, कंप्यूटर नेटवर्किंग, आर्टिफीसियल इंटेलीजेन्स, ब्यूटी एंड वेलनेस आदि से संबंधित मॉडल के माध्यम से लोगो को जानकारी प्रस्तुत की` खंड शिक्षा अधिकारी की तरफ से खंड समन्वयक वीरेंद्र सिंह ने मेले का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलो की प्रशंसा की और भविष्य में ऐसी गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शनी का आयोजन करवाना चाहिए जिससे बच्चे प्रेरित होने व प्रेरणा पाकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना व समाज में जाग्रति ला सके । इस मेले के आयोजन में मॉडल बनाने में कंप्यूटर अध्यापक पवन पराशर, राजेश कुमार, राजीव कुमार, मंजीत कौर व कमलजीत कौर का विशेष योगदान रहा । इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए डाबर के विभिन्न उपहारों से सम्मानित किया।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक व देशहित के फैसले का किया स्वागत



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**मुनीर** गुर्जर प्रदेश सह संयोजक हरियाणा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले का स्वागत करते हुए बताया सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश की एकता अखंडता की एक नई सोच को बढ़ावा दे रही हैं। इसलिए हम इस फैसले का स्वागत करते हुए न्यायधीशों को धन्यवाद देते हैं यह अनुच्छेद बंटवारे का अनुच्छेद था और इसे हटाना देश की एकता अखंडता के लिए आवश्यक था। यह फैसला पूर्ण रूप से संवैधानिक हैं यह जम्मू कश्मीर और लद्दाख में हमारे भारतवासियों आशा प्रगति की शानदार घोषणा हैं यह जम्मू कश्मीर और लद्दाख के समग्र विकास की नई शुरूआत है। इस निर्णय से जम्मू कश्मीर और लद्दाख में खुशी का माहौल है 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिकल 370 को हटाने का दूरदर्शी फैसला लिया। तब से जम्मू कश्मीर मैं शांति और सामान्य स्थिति बहाल हुई है मुनीर गुर्जर ने सभी भारतवासियों व जम्मू कश्मीर और लद्दाख से ये खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह फैसला पूर्ण रूप से संवैधानिक हैं सभी भारतवासियों को इसका स्वागत करना चाहिए।

### विवि के बाहर खड़ी इनोवा कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के सोनीपत-नरेला सड़क मार्ग स्थित विवि के बाहर खड़ी छात्र की इनोवा कार चोरी होने का मामला सामने आया है। छात्र ने मामले को को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। गाड़ी के अंदर छात्र नकदी, डेबिट कार्ड व अन्य कागजात भी थे। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।
मंडी गोविंदगढ़ फतेहपुर पंजाब निवासी विनायक गुप्ता ने बताया कि वह ओपी जिंदल ग्लोबल विवि का छात्र है। उन्होंने घर जाने के लिए अपनी इनोवा गाड़ी को 12 दिसंबर की देर रात बारोटा के पास स्थित कैफे के बाहर खड़ा किया था।

# वोट से संबंधित प्रत्येक कार्य अति महत्वपूर्ण: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डा.** शालीन ने कहा कि वोट से सम्बन्धित कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। वोटर लिस्ट यदि दुरूस्त होती है तो चुनाव बेहतर तरीके से होता है। उन्होंने सभी बीएलओज को निर्देश दिये कि जिला में वोटर सम्बन्धी सर्वे करते हुए जो फार्म उन्होंने भरे हैं और इससे सम्बन्धित जो भी फार्म उनके पास शेष बचे हुए हैं, उन्हें वे जिला निर्वाचन कार्यालय में 17 दिसम्बर तक जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्य के लिये 20 दिसम्बर अंतिम तिथि है। यदि कहीं पर वोटर सम्बन्धित कार्य जैसे नई वोट बनवाना, त्रुटि दूर करने से सम्बन्धित, वोट स्थानान्त्रण से सम्बन्धित, वोट कटवाने से सम्बन्धित कार्य बचा है, तो वे सम्बन्धित फार्म में भरकर उसे सुपरवाईजर के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय में देना सुनिश्चित करें। उपायुक्त आज अपने कार्यालय मे मतदाता सूचियों से सम्बन्धित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त डा0 शालीन ने बैठक के दौरान एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिये कि वे इस विषय पर बीएलओज की बैठक लें। जो कार्य उन्हें सौंपा गया था, उसकी समीक्षा करते हुए जो भी फार्म उनके पास शेष बचे हुए हैं, उन्हें वे जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद यदि किसी बीएलओज के पास यह फार्म पाये गये तो उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, इसलिये सभी सम्बन्धित बीएलओज इन फार्मों को अपने सुपरवाईजर के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के बाद इसे पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।



# गन्नौर बार एसोसिएशन की चौधर का फैसला, दावेदारों ने पूरी ताकत झोंकी

**गन्नौर । टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर बार** एसोसिएशन की चौधर का फैसला शुक्रवार को होगा। सुबह 9 बजे से शाम 4:00 बजे तक मतदान होगा। वोटिंग समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी। देर शाम तक सारे परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। जीत के लिए सभी पदों के दावेदारों ने पूरी ताकत के साथ ताल ठोकी हुई है। हालांकि, सबसे ज्यादा दिलचस्प मुकाबला प्रधान पद को लेकर नजर आ रहा है। एक तरफ पहली बार प्रधान पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता युद्धवीर रापरिया चुनाव लड़ रहे हैं वहीं दूसरी और पूर्व प्रधान अरुण पहल एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतरे हुए हैं। दोनों अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। हालांकि जीत के लिए दावेदार वोटरों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, इतना ही नहीं जाति गत समीकरण तक भिड़ाए जा रहे हैं।
**सुंदर रापरिया आब्जर्वर नियुक्तः** बार काउंसिल ने चुनाव संपन्न कराने के लिए एक आब्जर्वर की नियुक्ति की है। 15 दिसंबर को होने वाले मतदान में 195 अधिवक्ता मतदान करेंगे। चुनाव की गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से नजर रखी जाएगी।

# पानीपतः सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई गई पुण्यतिथि

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आज** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल जीटी रोड पानीपत में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई गई ' इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि सरदार पटेल की महानतम देन 562 छोटी बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण करना था 5 जुलाई 1947 को एक विरासत विभाग की स्थापना की गई उन्हें भारत का लोह पुरुष तथा भारत का विश्व मार्क भी कहा जाता है ' वर्ष 1930 में गांधी जी की दांडी यात्रा आरंभ होने से पूर्व सरदार पटेल गिरफ्तार कर लिए गए अगस्त 1930 में उन्हें दोबारा तीन माह की जेल हुई दिसंबर में उन्हें तीसरी बार गिरफ्तार किया गया और 9 महीने के लिए जेल में भेज दिया गया हमें ऊंच नीच अमीर गरीब और जाति प्रथा के भेदभाव को समाप्त कर देना चाहिए ' सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्र संग्राम स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख व्यक्ति थे बाद में वह भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और ग्रह पहले गृहमंत्री बने ' इस अवसर पर सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं और विद्यार्थियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल पटेल को याद किया



# मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली** थाना पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साइम निवासी उत्तर पूर्वी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-56 फेस-5 कुंडली निवासी मोंटू ने गत 16 नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह कंपनी से डयूटी खत्म कर-के अपने साथियों के साथ निवासी स्थान पर जा रहा था। सेरसा की तरफ जाने वाले रोड के टी-प्वांइट पर पहुंचे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने जीते अनेक पदक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**डी ए वी** खेल क्लस्टर स्तर टूनार्मेंट, पुलिस डी ए वी पब्लिक स्कूल मे 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक आयोजित किये गए। मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं मे अनेक पदक प्राप्त किये। सूचि इस प्रकार है। वुशु खेल प्रतियोगिता मे ( अंडर 14 ) मे करण, रोबिन व वेदांत ने सिल्वर पदक प्राप्त किये। ताइक्वान्डो मे ( अंडर 14 ) मे हरजस, हरजोत, चिराग, आदित्य, शुभम ने गोल्ड पदक प्राप्त किये व जानवी ने ब्रॉन्ज पदक प्राप्त किया। कराटे प्रतियोगिता मे ( अंडर 14 ) मे रिदम, रमनप्रीत ने रजत, दीदार, निहारिका ने सिल्वर पदक प्राप्त किये। बॉक्सिंग मे ( अंडर 14 ) मे पीहू ने सिल्वर व हंसकित व भव्य ने सिल्वर पदक प्राप्त किये। एथलेटिक्स ( अंडर 17 ) मे गर्व ने गोल्ड व लक्ष्य ने सिल्वर पदक प्राप्त किये। तैराकी मे ( अंडर 14 ) गर्ल्स मे तीन गोल्ड व तीन गोल्ड ( छात्र ) ( अंडर 17 ) मे प्राप्त किये। क्रिकेट टीम ( अंडर 19 ) मे छात्र विजेता, बास्केटबाल मे विजेता व फुटबॉल, वॉलीबाल मे रनरअप। योगा मे ( अंडर 14 ) छात्र मे तृतीय व ( गर्ल्स मे ) चतुर्थ स्थान पर रहे।
विद्यालय के खेल सीनियर स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुरेश कौल, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर अनमोल व खेल अध्यापिका श्रीमती अलका सैनी, भाविका व श्री लवदीप के मार्गदर्शन मे छात्रों ने अभ्यास किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (ए आर ओ) डॉ आर आर सूरी ने सभी विजेता छात्राओं व अध्यापको को बधाई दी व छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ये सभी छात्र अपने खेलो मे रुझान रखते हुए निरंतर अभ्यास करते हुए ऊँची उड़ान भरे।



# दुर्घटनाएं रोकने के लिए वाहन चालकों के लिए जारी की एडवाइजरी

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिला** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत द्वारा सर्दी के मौसम में पड़ने वाले कोहरे व धुंध के दौरान जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बाबरपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी सहित जिला के सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र में सावधानी के साथ वाहन चालकों को ट्रैफिक के नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि सर्दी के मौसम में सुरक्षित यातयात के प्रति सावधानी बरतनी जरूरी है। सुबह और रात में कोहरे के दौरान वाहन चालकों को अधिक सावधानी के साथ यातायात के नियमों पर पूरी तरह से ध्यान रखकर वाहन चलाने की आवश्यकता है। जिससे सुरक्षित सफर कर सके और सड़क पर कोई दुर्घटना न हो। नागरिकों को धुंध के मौसम में कम दृश्यता के कारण किसी प्रकार का कोई नुकसान व दुर्घटना ना होने पायें इसके लिए जिला ट्रैफिक पुलिस छोटे-बड़े निजी और कमर्शियल वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का भी लगातार काम कर रही है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने एक बार फिर एडवाईजरी के माध्यम से वाहन चालकों को धुंध के मौसम में वाहन चलाते समय सावधानियां बरतने के सुझाव दिए गए हैं;
कोहरे व धुंध के दौरान स्पीड का खास ध्यान रखकर धीमी गति से वाहन चलाए। वाहन मालिक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। धुंध के दौरान यात्रा करते समय वाहन चालक लो-बीम हेड लाइट का इस्तेमाल करें क्योंकि धुंध के दौरान हाई-बीम हेड लाइट कारगर नही होती है। इंडिकेटरस को भी ऑन रखें ताकि दूसरे वाहन को भी आपके वाहन का पता चल सके। यदि कोहरे के कारण दृश्यता न्यून हो जाती है तो ऐसी स्थिति में फॉग लाइट को उपयोग अवश्य करें।



# जिला एवं सत्र न्यायधीश पानीपत ने किया जिला जेल का निरीक्षण

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**माननीय पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय चंडीगढ़ के आदेशों की अनुपालना में श्री सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायधीश पानीपत ने डॉक्टर नरेश कुमार सिहंल अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश व श्री प्रतीक जैन , मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ० सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत के साथ जिला जेल का निरिक्षण किया इस दौरान जिला जेल निरीक्षक देवी दयाल व गीता रानी, जेल उप निरीक्षक उपस्थित रहे । इस निरीक्षण के दौरान श्री सुदेश कुमार शर्मा जिला एवं सत्र न्यायधीश ने कैदियों के खान पान , रहन सहन आदि के बारे में जाना।उन्होंने कैदी बंदियों के बैरक में जाकर निरिक्षण किया ० उनकी अपील ० केस के सन्दर्भ में जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि किसी भी कैदी की वकील एवं अपील से संबंधित प्रार्थना पत्र को तुरंत कार्यवाही के लिए भेजे और कोई भी कैदी अगर मुफ्त अधिवक्ता करना चाहता है तो उसका प्रार्थना पत्र तुरंत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यालय में भेजे।
इसी उपरांत निरक्षण करने के बाद श्री सुदेश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायधीश ने जिला जेल में जमना ऑटो इंडस्ट्रीज के द्वारा प्रदान की गयी व्यायाम सामग्री के द्वारा खोली गयी खुली व्यायामशाला का उद्घघाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ डॉक्टर नरेश कुमार सिंहल अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, प्रतीक जैन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व श्रीमती संयम मारथा, ग्रुप सी स र जमना ऑटो इंडस्ट्रीज उपस्तिथ रहे। श्री सुदेश कुमार शर्मा ने सन्देश देते हुए कहा की जेल में कैदियों के लिए इस सुविधा का होना बहुत महत्व रखता है इससे उनका शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहेगा।




# जयकिशन ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल तथा अंशुल ने ताइक्वांडो इंटर कॉलेज में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आईबी** स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत के विद्यार्थियों ने इंटर कॉलेज खेलों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक जीते` यह प्रतियोगिताएं कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में हुई। महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंशुल ने इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र में हुई में ब्रॉन्ज मेडल जीता तथा बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी जयकिशन ने ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल तथा अंशुल ने ताइक्वांडो इंटर कॉलेज में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर महाविद्यालय का मान बढ़ाया। डॉ. राजेश ने यह भी बताया कि खिलाड़ी जयकिशन अब नॉर्थ ईस्ट जोन तथा ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित होगा तथा वहां भी पदक जीतकर महाविद्यालय तथा पूरे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व प्रदेश का नाम रोशन करेगा। विजेता खिलाड़ियों के महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग एवं प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के अच्छे प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया।

# चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य कर्मियों को दिए प्रशंसा पत्र

**टीम एक्शन इण्डिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**

**एडीसी एवं सीईओ** जिला परिषद आनन्द शर्मा स्कूलों में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम/ आरबीएसके/ एनीमिया अभियान के तहत विद्यार्थियों के एचबी व अन्य जरूरी टेस्ट करके हैल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाएं जाने के बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि जिला के पहली से 12वीं कक्षाओं के लगभग 119000 विद्यार्थियों के हैल्थ कार्ड एनीमिया उन्मूलन अभियान के माध्यम से बनाए गए हैं। इस अभियान के तहत जिला के सभी 378 सरकारी स्कूलों में लगातार एक माह तक यह कैम्प लगाएं गए थे। जहां स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों के अधिकारियों ने आपसी बेहतर तालमेल करके इस



अभियान को अमलीजामा पहनाया गया है। उन्होंने कहा कि एनीमिया कोई बीमारी नहीं है, बल्कि यह शरीर की कमजोरी है। जिला फरीदाबाद में एनीमिया उन्मूलन अभियान के दौरान सभी विद्यार्थियों के एचबी व अन्य टेस्ट भी किए गए। एडीसी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आपसी तालमेल करके इसका जिला में बेहतर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया है। एडीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला में यह राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम/ आरबीएसके/ एनीमिया अभियान उन्मूलन अभियान गत 16 अक्तूबर से शुरू किया गया था। जो आगामी दिसम्बर माह तक चलाया। उन्होंने कहा कि 10 से 19 वर्ष तक आयु की सभी किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई। वहीं स्वास्थ्य जांच के दौरान जिला के सभी स्कूलों, सब सेन्टरों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर नागरिकों के और सभी स्कूलों में एच.बी. व अन्य जरुरी टेस्ट किए गए। उन्होंने कहा कि खासकर महिलाओं में यह देखा गया है कि मासिक धर्म वाली पांच में से एक महिला और सभी गर्भवती महिलाओं में से आधी एनीमिया से ग्रसित हैं। वे अपने लक्षण पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर डा को दिखाएं। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि हैल्थ चैकअप कैम्पों के बाद जरूरत मंद विद्यार्थियों को फ्री में बीके/ नागरिक अस्पताल में ईलाज भी दिया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम/ आरबीएसके/ एनीमिया अभियान को अगली कड़ी में प्रतिदिन 100 स्थानों पर कैम्प लगाकर लगभग 10000 हजार विद्यार्थियों को कैम्पों जरिये टैस्टिंग की जाएगी। वहीं घर पर जाना पड़ेगा तो आंगनवाड़ी वर्करों का सहयोग

# श्रीमदभगवद्गीता भी प्रमुख प्रयोजन मनुष्य को भौतिक संसार के अज्ञान से उभारना है

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)भारतीय** संस्कृति के उन्नयन के कृत संकल्प सभी धार्मिक, आध्यात्मिक अथवा साहित्य ग्रन्थों का मूल उद्देश्य रहा है। मानव को उदार बनाना, उनमें नैतिकता का संचार करना, उसको सदजीवन संचालित करने की प्रेरणा देना, उसके जीवन संचालन में आ रही कठिनाईयों का हल खोजने के लिए उसे विवेकपूर्ण मार्ग पर प्रेरित करना। श्रीमदभगवदगीता का भी यही प्रारम्भ से ही प्रयोजन रहा है। श्रीमदभगवद्गीता भी प्रमुख प्रयोजन मनुष्य को भौतिक संसार के अज्ञान से उबारना है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्रीमदभगवदगीता जयंती समारोह - 2023 के



उपलक्ष्य में अठारह दिवसीय कार्यक्रम के दशम दिवस आयोजित गीता बाल संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वस्तिवाचन से हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थिओं ने सस्वर श्रीमदभगवदगीता के श्लोक सुनाये। मातृभूमि सेवा मिशन की ओर से बच्चों को पुरस्कृत किया गया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा गीता ईश्वर की वाङ्गमयी मूर्ति है। यह अर्जुन के प्रति श्रीकृष्ण का उपदेश है। अर्जुन नर है, श्री कृष्ण नारायण हैं। इस प्रकार इसे नर-नारायण संवाद भी कह सकते हैं। वास्तव में मनुष्य और ईश्वर के बीच संवाद होने के कारण गीता में एक सार्वभौम और सर्वकालोचित दर्शन के मूल स्वरूप का चित्रण है।

# 'लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने शुरू की स्कीम'

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

**तिगांव** से भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा है कि नई सदी के विकास की कहानी एमएसएमई इंडस्ट्रीज लिखेंगी। वह फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तीसरे वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि हमारी केंद्र एवं राज्य की सरकारों ने एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्कीम चालू की और उनकी सफलता इसी में सम्मिलित है कि इससे करोड़ों लोगों को लाभ हुआ है और इसमें अरबों रूपयों के लोन विभिन्न एमएसएमई को दिए गए हैं। नागर ने कहा कि मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसे प्रोग्राम हमारी भाजपा सरकारों



ने दिए। जिनके जनक पीएम नरेंद्र मोदी हैं और इन्हें राज्य में लागू करने के लिए सीएम मनोहर लाल ने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि फरीदाबाद आईएमटी आने वाले समय में पूरी दुनिया में एमएसएमई का सिरमौर बनेगा। यहां पर सैकड़ों की संख्या में कंपनियों ने अपने प्लांट लगाए हैं और अपनी मेहनत के दम पर रोजगार सृजित किये हैं। यह वर्ग न केवल सरकार को विभिन्न करों के रूप में सहयोग दे रहा है बल्कि राज्य और देश की जीडीपी में भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में आज भी जीएसटी कलेक्शन के मामले में फरीदाबाद नंबर वन है। हमें अपने उद्यमियों पर गर्व है। हमारे उद्यमी सरकार और समाज दोनों का सहयोग करते रहे हैं और हमारी औद्योगिक संगठन विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी निरंतर सहभागिता करते हैं। राजेश नागर ने कहा कि आज एमएसएमई के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार भी इस मीटिंग में आए हुए हैं। वह देख ही रहे होंगे कि फरीदाबाद का उद्यमी अपनी मेहनत, जज्बे और योग्यता के दम पर आगे बढ़ रहा है। नागर ने एमएसएमई संयुक्त निदेशक को कहा कि वह यथासंभव फरीदाबाद के उद्यमियों को सहयोग दें जिससे कि इनका योगदान देश और राज्य के विकास में मिलता रहे।

# फरीदाबादः आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

**अतिरिक्त उपायुक्त** आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में 14 दिसम्बर को जिला फरीदाबाद के सभी राजनीतिक पार्टियों और मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा अवगत करवाया गया कि मतदाता सूची को त्रुटिहीन बनाने के लिए बीएलओ द्वारा हाउस-टु-हाउस सर्वे किया गया था, सर्वे के दौरान पाए गए मृतक, स्थानांतरित, डबल मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने के लिए जो फार्म-7 क्षेत्र के बी.एल.ओ द्वारा भरे गए है, जिन्हे चुनाव आयोग कि हिदायतानुसार काटा जाना है, जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने है। उन सब की सूची सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियो को ई-मेल के माध्यम से सांझा की जा चुकी है। बैठक में 85-पृथला, 86- एनआईटी व 90-तिगांव की सूची सांझा की गई है। इस सूची को निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एनआईसी की वैबसाइट ३३५२ः//ढ्डी.ल्ब्लू.ल्ल पर भी अपलॉड कर दिया गया है। इस सूची मे यदि किसी भी नाम पर आमजन को अपत्ति है तो वह 18-12-2023 तक प्रातः 10 बजे अपनी आपत्ति जिला निर्वाचन कार्यालय सैक्टर-12, फरीदाबाद मे आकर दर्ज करवा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब ठेके से चार पेटी शराब चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र** के बारोटा में स्थित शराब ठेके से चार पेटी शराब चोरी होने का मामला सामने आया है। ठेके के सेल्समैन ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। उत्तर प्रदेश हालत में खेड़ी रोड बारोटा निवासी दिनेश पाल ने बताया कि वह शराब ठेके पर करीब छह महीने से कार्य कर रहा है। गत 14 दिसंबर रात करीब एक बजे कोई अज्ञात शराब ठेके से चार पेटी शराब चोरी करके ले गया। अपने स्तर पर चोर की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी जगबीर सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्दे चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### बाइक सवार दो बदमाशों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। कुंडली थाना क्षेत्र** के एचएसएसआईडीसी सड़क मार्ग पर स्थित शराब की दुकान पर नकदी लेने आए शराब कंपनी ठेकेदार के गले से युवक सात तोले की सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। मुंह पर कपड़ा बांधकर आ बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया जबकि उसका साथी पहले से बाइक लेकर सडक के दूसरी तरफ खड़ा था। पीड़ित ठेकेदार के बयान पर पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। गांव पलड़ी कलां निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह जी टाउन वाइन शॉप कंपनी में काम करता है। वह कुंडली स्थित शराब की दुकान पर नकदी लेने आए थे। उनके साथ साथी राजेश भी था। उन्होंने कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित सडक पर बोलेरो गाड़ी खड़ कर दी। राजेश गाड़ी से उतरकर शराब की दुकान में चला गया वह गाड़ी में ही बैठे था। इसी दौरान एक युवक अचानक गाड़ी के पास आया। उसने आते ही गाड़ी का पिछला दरवाजा खोलकर उनके गले से सोने की सात तोले की चेन झपट ली। उसके बाद वह चेन लेकर भाग गया। उन्होंने देखा कि उनका साथी पहले से ही बाइक लेकर खड़ा था। वह उसके साथ भाग निकला। उन्होंने युवकों को पकड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन उनको नहीं पकड़ा जा सका। उन्होंने मामले से कुंडली थाना पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### मुकदमे में गवाही न देने का दबाव बनाने को लेकर घर में पत्थर फेंका

**सोनीपत। मोहाना थाना क्षेत्र** के गांव पिनाना में घर के अंदर पत्थर फेंकने व केस में गवाही न देने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव पिनाना निवासी संतोष ने बताया कि वह गांव निवासी सुमित के साथ उनका मुकदमा चल रहा है। गत 14 दिसंबर को सुमित ने उनके घर में पत्थर फेंककर मारा। जो पत्थर उसकी कमर में आकर लगा। उसका बेटा रोहताश बाहर देखने के लिए गया। सुमित उसके साथ मारपीट करने लगा। उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी अनिल कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### संदिग्ध हालत में युवक लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत। सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत क्षेत्र से संदिग्ध हालत में युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। युवक के परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है ईदगाह कॉलोनी निवासी नसीम ने बताया कि उसका लड़का 19 साल जोकि गत 10 दिसंबर को संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

# मानव रचना में होगा स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2023 का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज(एमआरआईआईआरएस ) स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2023 की मेजबानी करेगा। 19 से 23 दिसंबर तक देशभर के 47 केंद्रों पर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर श्रेणियों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए हरियाणा राज्य में जिला फरीदाबाद स्थित मानव रचना को हार्डवेयर श्रेणी के तहत चुना गया है। इसे लेकर संस्थान में तैयारियां जारी है। एमआरआईआईआरएस हैकथॉन और इनोवेशन कार्यक्रमों में लगातार सहयोगी संस्थान रहा है। ये प्रतियोगिता शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के इनोवेशन सेल (एमआईसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और 4 की एक राष्ट्रव्यापी पहल है जोकि छात्रों को सरकार, मंत्रालयों, विभागों, उद्योगों और अन्य संगठनों की गंभीर समस्याओं को हल करने के उपाय सुझाने के लिए एक मंच प्रदान करती है। इसका मकसद छात्रों को नवाचार के लिए एक ऐसा मंच प्रदान करना है जहां वे उन्नत तकनीकों और बेहतरीन विचारों के साथ समस्या से समाधान के लिए मॉडल पेश कर सकें। कार्यक्रम के लिए दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो मीडिया पार्टनर रहेंगे।

**32 टीमें लेंगी हिस्सा, 2 सौ से ज्यादा प्रतिभागी लेंगे भाग**

संस्थान में आयोजित होने वाले इस का र्क्रम में 32 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनमें 200 से ज्यादा छात्र भाग लेंगे। प्रतियोगिता में छात्र छह समस्याओं के समाधान के लिए समाधान पेश करेंगे। कार्यक्रम का केंद्रीय उद्घाटन 19 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे शिक्षा मंत्रालय की ओर से किया जाएगा। भारत के माननीय प्रधान मंत्री स्मार्ट इंडिया हैकथॉन की शुरूआत पर हर साल छात्रों से संवाद करते हैं उम्मीद है कि उद्घाटन सत्र की शाम को प्रधानमंत्री प्रतिभागियों से बातचीत करेंगे। हर श्रेणी में विजेताओं को 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

# पोलीथीन का प्रयोग ना करें और न करने दें

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)। डीसी विक्रम** सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में पोलीथीन के प्रयोग पर रोक लगा रखा है। किन्तु आज भी रेहडी पटरी व अन्य दुकानदारों के द्वारा पोलीथीन का ही प्रयोग किया जा रहा है। सामान खरीदने वालो को भी पोलीथीन में ही समानो को दिया जा रहा है । पोलीथीन के प्रयोग के कारण फरीदाबाद में जगह-2 कुडा आदि दिखाई दे रहे है। पोलीथीन के प्रयोग से स्वास्थ्य को भी नुकसान हो रहा है। इसलिए जिला के सभी रेहडी पटरी वालो एवं बाजारो में पोलीथीन का प्रयोग करने वालो को रोकवाने एवं प्रयोग न करने का निर्देश/ जागरूक करवाने का कष्ट करें।

# नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर किया रोष-प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत नागरिक अस्पताल** में शुक्रवार को नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर काम किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नर्सिंग अधिकारियों ने सरकार से लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन के निर्देश पर वह 20 दिसंबर तक रोजाना काले बिल्ले लगाकर काम करेंगी। उसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो आंदोलन किया जाएगा। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की पूर्व प्रधान सुनीता राठी ने बताया कि नर्सिंग अधिकारियों की ओर से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है।

स्टाफ नर्सो को नर्सिंग अधिकारी बना दिया गया, लेकिन उन्हें ग्रुप सी से ग्रुप बी में अब तक शामिल नहीं किया गया। नर्सिंग अधिकारियों के लिए 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस अभी तक लागू नहीं किया गया। नर्सिंग अलाउंस लेना उनका मौलिक अधिकार है। जबकि दूसरे प्रदेशों में नर्सिंग अधिकारियों को ग्रुप बी का दर्जा जा चुका है और नर्सिंग अलाउंस भी दिया गया है। जिसके चलते नर्सिंग अधिकारियों ने 20 दिसंबर तक लगातार काले बिल्ले लगाकर काम करने का निर्णय लिया है। जिला प्रधान मैमरानी ने बताया कि सरकार की ओर से नर्सिंग अधिकारियों की मांगों को पूरा करने में अनदेखी की जा ही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बारे में राज्य कमेटी की ओर से पहले ही अवगत कराया जा चुका है। राज्य कमेटी के आह्वान पर नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाए हैं।

# फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के राजीव गौड़ प्रधान चुने गए

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

**जिला टैक्स** बार एसोसिएशन के आज चुनाव सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी एस.के.भारद्वाज तथा सहायक चुनाव अधिकारी सत्यवान नरवाल, राजकुमार चौधरी, सुरेन्द्र शेखावत की देख-रेख में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराया गया। मतदान प्रक्रिया सुबह नौ बजे से दो बजे तक चली। जिसमें प्रधान पद के उम्मीदवार के लिए 223 मत डाले गए। जिसमें से 125 मत एडवोकेट राजीव गौड़ को मिलें। जबकि दीपक छाबड़ा को 97 वोट मिलें। जबकि एक वोट कैंसिल हो गया। महासचिव पद



के लिए एडवोकेट राजेश गुप्ता 114 मत प्राप्त हुए। एसके भारद्वाज चुनाव अधिकारी ने राजीव गौड़ को प्रधान तथा राजेश गुप्ता को महासचिव पद पर विजयी होने की घोषणा की। इसके अलावा सीनियर वाईस प्रैसीडेंट के लिए अमर सिंह, वाईस प्रैसीडेंट के लिए डीके. चौबे, हरेन्द्र फौगाट ज्वाईंट सैक्रेट्री, कोषाध्यक्ष गौरव अरोड़ा, लाईब्रेरियन कुलदीप कुमार, एजीक्यूटिव मैम्बर फखरूद्दीन, हरीश गर्ग, योगेश चौहान, राजेश शर्मा को पहले ही सर्वसम्मति से चुन लिया गया था। इस अवसर पर जीते हुए और चुने गए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संदीप सेठी, हुकम सिंह भाटी, संजय डिन्डे, डी.के. चौधरी, के.के. मिश्रा, आरएस गौड़, विजय शर्मा, एस.एन. त्यागी, राजेन्द्र शर्मा, बलवीर सिंह, महेश शर्मा, अजीत भाटी, खेम सिंह, अभिषेक जोशी, दीपक गेरा, सतेन्द्र यादव, अमित कुमार, राम रतन नरवत, कृष्ण अधाना, दलीप कुमार, उमेश कुमार सहित अन्य टैक्स बार के अधिवक्ताओं ने माला पहना व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

# सर्व कर्मचारी संघ ने विधानसभा सत्र के अवसर पर मुख्यालय को सौंपा ज्ञापन।

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

**सर्व कर्मचारी संघ** हरियाणा के तत्वावधान मे कर्मचारी एसेम्बली रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नवल सिंह नरवत की अध्यक्षता में चार प्रस्ताव पारित किए जिसमें पहला प्रस्ताव कच्चे कर्मचारियों से सम्बन्धित है जो सरकारी विभाग,बोर्ड, स्कूल, विश्व विद्यालय में 1लाख 62 हजार से भी ज्यादा है को कम वेतन पर अनुबंध, आउटसोर्सिंग, जाबॅकांट्रेक्ट, केजुएल लेबर, ओटेसि , ट्रेनी,होमबेस्ट काम ,अतिथि , शिक्षा मित्र ,रहबर -ए -तालीम, मल्टीटास्किंग, एक्सटेंशन लैक्चरर , रिटायर्ड की रि-इम्पलाइमेंटस्कीम, प्रोजेक्ट, कौशल




रोजगार में सफाई कर्मचारी , सीवरमैन , माली ,आदि रखकर शौषण किया जा रहा है। जिसमे समान काम समान वेतन देने व नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।2. प्रस्ताव में कर्मचारियो की पूरानी पेन्शन बहाल करने,3.प्रस्ताव में राज्य मे बेरोजगारी दर देश के सभी राज्यों से ज्यादा है मौजूद मान्य पदो में 2,02,576 पद रिक्त है। जो 1991 के समय के निर्धारित चार लाख कर्मचारियो में से है उस समय राज्य की डेढ करोड आबादी पर थी। अब आबादी तीन करोड़ से ज्यादा है जिसकी सेवा के लिए दस लाख कर्मचारियो की आवश्यकता है जिसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र को बढ़ाकर भर्ती की जाए। कर्मचारी एसेम्बली को सम्बोधित करते हुए संघ के पूर्व प्रधान लज्जाराम ने कहा कि 18 दिसम्बर को जिला मुख्यालय पर मेज कुर्सी लगाकर कर्मचारी असेंबली आयोजित की जाएगी जो 10 बजे से 3 बजे तक चलेगी जिसमे कर्मचारियो की मांग व जनसंगठनो महिलाओ, दलित, किसानो की समस्याओ व बिजली कानून संशोधन-स्मार्ट मीटर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020,रोड ट्रांसपोर्ट कानून ,सामाजिक न्याय और एकता पर प्रस्ताव पारित कर महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा। एसेम्बली को सम्बोधित करते हुए जिला वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर बालगुहेर, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने नगर पालिका कर्मचारी संघ की 14 व 15 दिसम्बर की दो दिवसीय टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल का समर्थन करते हुए, सरकार से 3480 नगर निगम गुरुग्राम के छटनी किए कर्मचारियो को नौकरी पर रखने की मांग की है। एसेम्बली को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के , मुकेश बेनीवाल, मनोज कुमार बालगुहेर,पीडब्ल्यू डी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जगदीश चन्द, जितेंद्र भडाना,देवीसिंह, हुड्डा के अजीत सिंह ,रविन्द्र कुमार, सोनू,ने जिला मैजिस्ट्रेट श्री हरिराम को माननीय राज्यपाल, मुख्यमन्त्री,विधान सभा अध्यक्ष के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

# छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

## अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत कुंडली थाना** पुलिस ने छीनाझपटी व मारपीट करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित आगाज विष्णु उर्फ देवा निवासी हापुड़ उत्तर प्रदेश का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। ललियाना मेरठ निवासी साजिद ने गत 25 अक्टूबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 24 अक्टूबर देर शाम अपनी बस में सवार भरकर टिकरी बॉडर से हरदोई जा रहा था। रात करीब 9.30 बजे केजीपी टूल टैक्स से आगे गाड़ी लेकर पहुंचा। उसी दौरान एक वैगनार कार में बैठे युवकों ने उसकी बस के आगे गाड़ी अड़ा दी। उसकी बस के शीशे तोड़ दिए। उससे 22 सौ रुपये निकाल लिए। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक रविंद्र ने बताया कि मामले में दो आरोपितों को पहले काबू कर लिया था। वारदात में शामिल तीसरे आरोपित को काबू कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को रिमांड पर भेजने की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है।


# धूमधाम से मनाया गया समाजसेवी रणबीर सिंह का जन्मदिन






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नरेला** में श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर एंड बिल्डर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर व वरिष्ठ समाजसेवी रणबीर सिंह का 53वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास साथ, श्री कृष्णा डेवलपर्स के पंजीकृत कार्यालय लामपुर गांव में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सगे संबंधियों, राजनीति से जुड़े दिग्गजों ने रणबीर सिंह को जन्मदिन की बधाई। बाहरी दिल्ली की प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी श्री कृष्णा आशियाना डेवलपर एंड बिल्डर ने अपने पंजीकृत कार्यालय मैन स्टैंड लामपुर गांव में भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर व वरिष्ठ समाजसेवी रणबीर सिंह का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। श्री कृष्णा डेवलपर के अधिकारियों, कर्मचारियों ने सबकी मौजूदगी में पुष्पगुच्छ, सुंदर उपहार भेंटकर, माल्यार्पण कर रणबीर सिंह को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी। और भगवान से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। श्री कृष्णा डेवलपर एंड बिल्डर्स, जग उत्थान जग कल्याण के मैनेजिंग डायरेक्टर व कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी रणबीर सिंह के 53वें जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। जिसमें बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी, सगे संबंधियों, राजनीति से जुड़े दिग्गजों ने माल्यार्पण कर सुंदर उपहार, पुष्पगुच्छ भेंटकर रणबीर सिंह को जन्मदिन की बधाई दी, और ईश्वर से उनके स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की। इस अवसर पर जन्मदिन पार्टी का भी आयोजन किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी रणबीर सिंह ने सब की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनाई और सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जन्मदिन के अवसर पर आप सभी ने जो स्नेह, दुलार और अपनेपन से ओतप्रोत शुभकामनाएं व बधाई मुझे दी है, मैं बहुत खुशी के साथ आप सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। और आशा करता हूं कि आप सभी का स्नेह, प्यार और आशीर्वाद मुझ पर हमेशा बना रहेगा। जन्मदिन के मौके पर शशि बाला, मोंटी, ललित सैनी, अनिल कुमार, मनीष सैनी, प्रदीप, दिनेश, राकेश, अंकु विजय भगत सहित बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

# सुविधाओं के अभाव में जी रहें है लाल बाग निवासी






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**जहां एक** ओर तो सरकार स्वच्छता को लेकर समय-समय पर लाखों करोड़ो रुपए का विज्ञापन फूंक रही है, वहीं दूसरी ओर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र का संगम पार्क वार्ड स्वच्छता मिशन को मुहं चिढ़ा रहा है।

**गलियों में भरा रहता है पानी:** मिली जानकारी के अनुसार लाल बाग की झुग्गी बस्तीयों में गंदगी से लोगों का जीना मुहाल हो चुका है, वहीं टुटी हुई नालियों से गंदा पानी बाहर निकलता रहता हैं, जिससे जहां एक ओर तो गंदगी फैल रही है दूसरी ओर गंदगी के चलते संक्रमण फैलने का भी संकट मंडराता रहता है।

**हो चुके है कई हादसे:** स्थानीए लोगों की मानें तो नालियों के स्लेब टूटे पड़े हुए है, जिसकी वजह से स्कूल से आने जाने वाले बच्चें कई बार इस खुली पड़ी नालियों में गिरकर गंभीर रूप से घायल भी हो चुके है, बावजूद इसके निगम व संबंधित जनप्रतिनिधि कार्यवाही करने को तैयार नहीं है।






**क्या कहते है लोग:**
**भागवत प्रसाद, बूथ अध्यक्ष** ने बताया कि लाल बाग झुग्गी बस्ती में लगभग तीन वर्ष पूर्व नालियों को कवर करके स्लेब से ढका गया था, जो कि अब सालों से टूटी पड़ी है, जिसको फिर से कवर नहीं किया गया हैं, जिसके चलते अब पानी ओवरफ्लों होकर लोगों के घरों में घुस रहा है। उन्होनें कहा कि हमनें कई बार निगम को शिकायत भी की है, लेकिन हमारी शिकायत पर अमल नहीं किया गया।

**योगेंदर सरोज, स्थानीय निवासी** ने बताया कि टूटी हुई नालियों की वजह से पूरे क्षेत्र में गंदगी का माहौल तो है ही कि बल्कि पानी से फैलने वाली बिमारियों का भी ड़र सताने लगा है। उन्होनें यह भी कहा कि हमारे क्षेत्र में काफी दिनों तक सफाई कर्मचारीं भी नहीं आते है जिसकी वजह से भी गंदगी फैली रहती है।

**श्रीराम सरोज, स्थानीय निवासी** ने बताया कि एन नौं ब्लॉक में काफी महिनों से गंदगी फैली हुई है। टूटी हुई नालियों में छोटे छोटे बच्चें आए दिन गिरते रहते है जिसकी वजह से उनको गंभीर चोटें भी आई हैं। इस मामले में स्थानीय पार्षद से लेकर निगम के आलाअधिकारियों को भी शिकायत की जा चुकी है बावजूद इसके संबंधित विभागों के कानों तले जूं तक नही रेंगी।

**लालचंद, स्थानीय निवासी** ने बताया कि जब से निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है तभी से ही इलाके में गंदगी छाई हुई है। महिनों तक सफाई कर्मी नहीं आते है, तथा सफाई करवाने के लिए निगम में दस बार तो फोन करके शिकायत करनी पड़ती है। स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है, हमारी समस्या का समाधान किया जाये।

# यूनियन ने मनाया स्वर्गीय संजय गांधी का जन्मोत्सव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंगोलपुरी विधानसभा** क्षेत्र स्थित संजय गांधी स्मारक अस्पताल में कर्मचारी यूनियन ने स्वर्गीय संजय गांधी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर संजय गांधी स्मारक अस्पताल कर्मचारी यूनियन के प्रधान मनोज मिश्रा ने बताया कि इस मौके पर परिसर में हवन किया गया तथा वृक्षारोपण कर, भंडारे का आयोजन किया गया।
वहीं उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अस्पताल के चिकत्सा अधीक्षक डॉक्टर एस.के. काकरान भी मौजूद रहें, जिनके द्वारा हवन पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मनोज मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर यूनियन के महाचिव जोगिंदर सिंह, प्रधान मनोज मिश्रा,संगठन अध्यक्ष सुनील डबास, उप चेयरमैन राममेहर सैनी, संगठन उप प्रधान वीरेंदर, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, सलाहकार सुभाष लाकड़ा, सहित रामवीर प्रेम चंद मोहनलाल एच एन बर्मा एवं बने सिंह उपस्थित रहे।

# दिल्ली की प्रतिभाओं को निखारकर प्रोत्साहित कर रही है एसोसिएशन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली एमेच्योर** बॉक्सिंग एसोसिएशन (डाबा) ने डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद में आईबीए जूनियर बॉक्सिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप आयोजित येरवान,आमेनिया में देश के लिए पदक जीतने वाले (डीएबीए) बॉक्सिंग खिलाडियों को आज सम्मानित किया। इस समारोह की अध्यक्षता डाबा के अध्यक्ष व डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल के प्रो-वाइस चेयरमैन रोहित जैनेंद्र जैन ने की। उन्होंने कहा कि डाबा का मकसद ही युवा खिलाडियों की प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि वे देश-विदेश में नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर डाबा उपाध्यक्ष व दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थानसिंह यादव ने कहा की बच्चो को घर से निकाल कर खेल मैदान तक लाना ओर देश के लिए पदक लाने वाले खिलाड़ियों को तैयार करने का काम कर रही है डाबा।



जयपुर में राजस्थान के नव नियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए विधायक संजय सरोगी, मंडल अध्यक्ष भाजपा सुभाष झा और राजीव ठाकुर व अन्य।

## 2024 में लहरायेगा फिर भाजपा का परचम: उमाकांत

# 'सीवर ओवर फ्लो की समस्या से परेशान है वजीरपुर के लोग'




**कुछ अलग करना हो,**
**तो भीड़ से हट कर चलो,**
**भीड़ साहस तो देती है,**
**मगर पहचान छीन लेती है।**

### भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत ने कहा...

= वजीरपुर जेजे कॉलोनी में दिल्ली सरकार की मंत्री अतिशी ने दौरा भी किया था लेकिन सीवर ओवर-फ्लो की समस्या में सुधार नहीं हुआ है।

= विधायक को क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समाधान करना चाहिए: उमाकांत

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। वजीरपुर वार्ड के भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत की।

आपको बतादें कि उमाकांत क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए है।

**संगठित होकर कार्य करें कार्यकर्ता:** भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है और भाजपा की नीतियां और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है, जिससे की लोग भाजपा से अधिक से अधिक जुड़े।

**पीएम मोदी ने देश में लागू की कई योजनाएं:** पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। आज देश के सभी वर्ग के लोग भाजपा के कार्यों की प्रशंसा कर रहे है। क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

**भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया:** भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

**सीवर ओवर फ्लो की समस्या का समाधान हो:** वजीरपुर वार्ड के भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाकांत ने कहा कि दिल्ली सरकार में मंत्री अतिशी ने वजीरपुर जेजे कॉलोनी के कई क्षेत्रों में सीवर की समस्या का जायजा लिया था और अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी।

उसके बावजूद सीवर ओवर-फ्लो की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है और जनता को परेशान होना पड़ रहा है।



**आम आदमी पार्टी के राज में विकास की गति धीमी:** भाजपा मंडल अध्यक्ष उमा कांत ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली में विकास की गति काफी ज्यादा धीमी है, कागजों में तो विकास हो रहा है, लेकिन धरातल पर विकास नहीं हो रहा है, जिसके चलते लोगों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।



**कई कॉलोनियों में आ रहा है गंदा पानी:** उमाकांत ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राज में दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है जिस कारण से जनता को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम पानी मुफ्त दे रहे है।

**गरीबों की मदद करना पुण्य का कार्य:** सभी को गरीब व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की गरीब व असहाय लोगों को परेशान न होना पड़े।

**- प्रस्तुति: एक्शन इंडिया**